जबलपुर में आज का मौसम
आज सुबह का तापमान
24.8 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
26.0 डिसे
आसमान पर बादल छाए
शाम तक बारिश के आसार

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 93- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 5 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935






# मणिपुर में हालात तनावपूर्ण ट्रेनों की आवाजाही पर रोक

## चप्पे-चप्पे पर जवान इंटरनेट बंद, फेक वीडियो पर सेना का अलर्ट



■ इम्फाल, एजेंसी।

पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में अचानक हिंसा भड़क गई। राज्य की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले गैर-आदिवासी मैती समुदाय की एसटी दर्जे की मांग के विरुद्ध आल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने बुधवार को 10 पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च का आयोजन किया था। राज्य में आदिवासियों की आबादी लगभग 40 प्रतिशत है। इस मार्च के दौरान हिसा भड़क गई। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए। ऱगुरुवार को हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि रात में ही सेना और असम राइफल्स की 55 टुकड़ियां (कालम) तैनात कर दी गई। सरकार ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। वहीं, अब पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया है। भारतीय सेना ने कहा है कि मोरेह और कांगपोकपी क्षेत्रों में स्थिति अब नियंत्रण में और स्थिर है. भारतीय सेना ने आगे कहा कि इम्फाल और चुराचांदपुर क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं. मणिपुर में अतिरिक्त सैनिकों की एहतियाती तैयारी जारी है. नगालैंड से भी अतिरिक्त जवानों को फिर से मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात किया गया है. मणिपुर के 16 में से 8 जिलों में कर्फ्यू है. सरकार ने सुरक्षाबलों को दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया है. मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने के बाद, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली सभी ट्रेनों को फिलहाल के लिए रोक दिया है. एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने एजेंसी से कहा, 'स्थिति में सुधार होने तक कोई ट्रेन मणिपुर में प्रवेश नहीं कर रही है. मणिपुर सरकार द्वारा ट्रेन की आवाजाही रोकने की सलाह के बाद यह निर्णय लिया गया है.' मणिपुर के राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, 'समझाने और चेतावनी के बावजूद स्थिति काबू में नहीं आने पर देखते ही गोली मारने की कार्रवाई की जा सकती है.' भारतीय सेना ने कहा, 'इसके अलावा, अतिरिक्त टुकड़ियों को मणिपुर पहुंचाने के लिए भारतीय वायु सेना गुवाहाटी और तेजपुर से आज रात उड़ान का संचालन करेगी. मणिपुर में सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन (ज्ञ्रस्) मणिपुर द्वारा मीतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के विरोध में आयोजित एक रैली के दौरान 3 मई को भड़की हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

## सेना ने लोगों से फर्जी वीडियो से सावधान रहने को कहा

इस बीच जनजातीय समूहों द्वारा कई जिलों में रैलियां निकालने के बाद मणिपुर में कानून और व्यवस्था में व्यवधान के बाद, भारतीय सेना ने नागरिकों से केवल आधिकारिक और सत्यापित स्त्रोतों के माध्यम से सामग्री पर भरोसा करने का आग्रह किया है. सेना ने लोगों से फर्जी वीडियो से सावधान रहने को कहा. भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स ने एक ट्वीट में कहा, 'असम राइफल्स पोस्ट पर हमले के वीडियो सहित मणिपुर में सुरक्षा स्थिति पर नकली वीडियो निहित स्वार्थों के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है. ।सेना के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 9,000 लोगों को सुरक्षाबलों ने हिंसा प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है।

# यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को देखने मेदांता अस्पताल पहुंचे राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा






नई दिल्ली, यशभारत। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्वा आज गुड़गाँव के मेदान्ता अस्पताल में सफल काम्प्लेक्स सर्जरी के उपरांत स्वास्थ्य लाभ ले रहे यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से मुलाकात कर उनको शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना के साथ शुभाशीष दिया। श्री तन्वा ने अपने ट्वीट में कहा कि मेदान्ता गुड़गाँव में प्रिय आशीष से मिला। एक लम्बी और जटिल शल्यक्रिया के पश्चात आशीष अब स्वस्थ्य है। देश के प्रतिष्ठित सर्जन डॉ नरेश त्रेहन की देख रेख में आशीष का इलाज चल रहा है। हम सभी आशीष के शीघ्र स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हैं। जिस दिन अस्पताल में आपरेशन चल रहा उस दिन भी विवेक कृष्णा तन्वा मौजूद थे। उन्होंने उस दिन ट्वीट में कहा था कि मेरे परिवार के सदस्य आशीष ( आशीष शुक्ला यश भारत ) की @medantaindia हॉस्पिटल दिल्ली में काम्प्लेक्स सर्जरी चल रही है। डॉक्टरों की सूचना अनुसार एवं ईश्वर की कृपा से आशीष सामान्य और स्थिर है।




## बहराइच में तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो को उड़ाया... 5 लोगों की मौत, 10 की स्थिति गंभीर

■ बहराइच, एजेंसी।

लखनऊ मार्ग पर कैसरगंज कस्बे में गुरुवार रात एक बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो सवार लोगों को एक डंपर ने रौंद दिया। हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 लोग गंभीर लोग से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृत लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी लोग तिलक कार्यक्रम से वापस अपने घर आ रहे थे। जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी मंशाराम की बेटी का विवाह कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के रुकनापुर गांव से तय हुआ था। गुरुवार को तिलक कार्यक्रम था। जिस पर मंशाराम रिश्तेदार और परिवार के लोगों के साथ तिलक लेकर रूकनापुर गांव ऑटो से गया था। तिलक कार्यक्रम निपटाने के बाद सभी रात में वापस लौट रहे थे। रात एक बजे के आसपास सभी ऑटो सवार लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली के मदनी हॉस्पिटल के सामने पहुंचे। तेज रफ्तार में डंपर ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। इसमें लड़की की बहन भी शामिल है। जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। डंपर चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया है। उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

## जमीन के विवाद में मुरैना के लेपा गांव में खूनी संघर्ष

# फायरिंग में चार से पांच लोगों की मौत



■ मुरैना, यशभारत।

मुरैना के सिहौंनिया थाना क्षेत्र के तहत लेपा गांव में जमीन के विवाद में दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। संघर्ष के दौरान दोनों गुटों के लोगों ने लाठियों से हमला किया और बंदूकों से फायरिंग की। फाइरिंग में चार से पांच लोगों के मरने व आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। घटना की सूचना मिलते ही सिंहौनिया सहित आसपास के थानों से भी पुलिस बल लेपा गांव भेजा गया है। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक घटनाक्रम की अधिक जानकारी नहीं मिली थी और मौके पर पुलिस भी नहीं पहुंची थी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बताई जाती है ।लेपा गांव के रंजीत तोमर व राधे तोमर के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 2014 में दोनों पक्षों के बीच में विवाद हुआ और रंजीत तोमर के पक्ष ने राधे तोमर के परिवार के दो तीन लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद से रंजीत तोमर का परिवार गांव छोड़कर चला गया था। कुछ दिन पहले ही वह गांव में लौटा तो बदला लेने की नीयत से हमला किया।


**सभी मृतक रंजीत तोमर पक्ष के–** लेपा गांव में जमीन विवाद के दौरान जिन लोगों की मौत हुई है उनमें तीन महिलाएं व दो पुरुष हैं और एक महिला की हालत खराब बताई जा रही है। सभी मृतक रंजीत तोमर पक्ष के हैं। हालांकि इनमें ग्रामीणों के मुताबिक पांच लोगों की मौत हुई है। और पुलिस के मुताबिक तीन लोगों की मौत हुई है। विवाद में जिन लोगों के मरने की सूचना है उनमें रंजीत के परिवार के गजेंद्र तोमर, उनका बेटा संजू तोमर व फुंदी तोमर के मरने की सूचना है। साथ ही महिलाओं मे फुंदी व संजू की पत्नियों की हालत नाजुक है। साथ जो तीन घायल है। उनमें वीरेंद्र तोमर, विनय तोमर व विनय की पत्नी है।

**बदला लेने के लिए ही आया था परिवार गांव में–** बताया जाता है कि राधे पक्ष का परिवार 2014 के बाद गांव छोड़कर चला गया था। लेकिन अभी कुछ दिन पहले ही गांव में आया था। बताया जाता है कि यह परिवार पुराने विवाद का बदला लेने के लिए गांव में आया था। आज तक रणनीति बनाता रहा और शुक्रवार सुबह रंजीत के परिवार पर हमला कर दिया।

## राहुल गांधी को दोषी ठहराने वाले जज समेत 68 का प्रमोशन अटका

### सुप्रीम कोर्ट करेगा 8 मई को सुनवाई

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



65 प्रतिशत कोटा नियम के तहत ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा सहित 68 न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 मई को सुनवाई करेगा. हरीश हसमुखभाई वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी. जिसके बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो गई थी. गुजरात के सीनियर सिविल जज कैडर के दो न्यायिक अधिकारियों ने हरीश हसमुखभाई वर्मा सहित इन 68 न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती दी है। एक अंग्रेजी दैनिक की एक खबर के मुताबिक गुजरात सरकार के कानूनी विभाग में अवर सचिव रविकुमार मेहता और गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक निदेशक सचिन प्रतापराय मेहता ने डिस्ट्रिक्ट जज कैडर के लिए 68 न्यायिक अधिकारियों के चयन को चुनौती देने वाली याचिका दायर की है. 28 मार्च को दायर की गई याचिका में सुप्रीम कोर्ट से इन नियुक्तियों को रद्द करने की अपील की गई है. याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील पुरविश मलकान ने 10 मार्च को हाईकोर्ट द्वारा जारी चयन सूची और राज्य सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की मांग की।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 33 अधिकारियों को मिलेगा आईएएस संवर्ग

■ भोपाल, यशभारत।

राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस संवर्ग में चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होने के बाद अब राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस संवर्ग में चयन के लिए बैठक होगी। संघ लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को इसके लिए 19 मई की तिथि निर्धारित कर दी है। इसमें वर्ष 2002 से 2006 बैच के 33 अधिकारियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में चयन के लिए वर्ष 2021 के 19 और और 2022 के 14 पद उपलब्ध हैं।



सामान्य प्रशासन विभाग इस प्रयास में लगा था कि दोनों वर्षों की डीपीसी एक साथ हो जाए। इसके लिए संशोधित प्रस्ताव भेजा गया था।आयोग ने पहले 27 मार्च को बैठक के लिए तिथि निर्धारित कर दी थी, लेकिन यह नहीं हो पाई। विभाग ने प्रयास किया कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की डीपीसी के साथ बैठक हो जाए, पर आयोग के सदस्यों की व्यस्तता के कारण संभव नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि एक पद के लिए तीन नाम प्रस्तावित किए गए हैं।

## एनसीपी को आज मिलेगा नया चीफ

■ मुंबई, एजेंसी।



शरद पवार ने कहा- 15 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा

शरद पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद नया अध्यक्ष चुनने के लिए शुक्रवार को 15 सदस्यीय कमेटी की बैठक हो रही है। पवार ने कहा है, कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा। इधर कार्यकर्ता इस्तीफे का विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। पवार ने सभी मुलाकात की। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कई गैर-भाजपा दलों के नेताओं ने उन्हें अगले लोकसभा चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष बने रहने की सलाह दी थी। बुधवार को पवार ने भी कहा था कि उन पर इस्तीफा वापस लेने के लिए भारी दबाव है। हालांकि उनके भतीजे अजित ने कहा कि साहब का फैसला पलटता नहीं है। इधर, शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के एक दिन बाद जितेंद्र आव्हाड ने पार्टी महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद विधायक अनिल पाटिल ने भी शरद पवार को त्यागपत्र भेजा था। बुधवार को मुंबई के यशवंत राव चव्हाण सेंटर में 15 सदस्यीय कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें पार्टी के नए अध्यक्ष बनाने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष की दौड़ में अजित पवार, सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल का नाम आगे है। हालांकि, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वे अध्यक्ष पद के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें पार्टी ने पहले ही बड़ी जिम्मेदारी दे रखी है।

## काला धन मैनेज करना पड़ेगा महंगा, अब चार्टर्ड अकाउंटेंट व पेशेवर भी बनेंगे आरोपी

■ इंदौर, यशभारत।

काली और गैर कानूनी स्त्रोतों से हुई कमाई को मैनेज करने में मदद करना अब कर पेशेवरों पर भी भारी पड़ेगा। ऐसी कमाई का निपटारा करने और काले धन को कानूनी जामा पहनाने के रास्ते दिखाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) और कास्ट अकाउंटेंट भी प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट में आरोपित बनाए जाएंगे। तीन मई को वित्त मंत्रालय ने प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 में संशोधन कर यह प्रविधान शामिल कर लिया है। ताजा संशोधन के अनुसार काले धन से अर्जित संपत्ति की खरीदी



बिक्री में मदद करने वाले पेशेवर, ऐसे लोगों के धन का मैनेजमेंट करने वाले, बैंक खाते व अन्य अकाउंट मैनेज करने वाले, ऐसे धन को शोधित करने के लिए कंपनियां बनाने में मदद करने वाले पेशेवरों पर भी कानून लागू होगा। ऐसे किसी भी मामले में किसी नागरिक जिस पर पीएमएलए लागू होता है तो उसकी मदद करने वाले सीए, सीए आदि पर भी यह कानून लागू होगा। ताजा संशोधन के बाद सीए और कर पेशेवरों में हड़कंप मच गया है। दरअसल पीएमएलए एक्ट में कार्रवाई अवैध स्त्रोतों से अर्जित आय पर की जाती है। इसमें ड्रग्स, आंतकवाद, हथियार और अन्य गैर कानूनी स्त्रोत तो आते ही हैं। सरकारी अधिकारी जो अपने पद और स्थिति का दुरुपयोग कर अवैध संपत्ति एकत्र करते हैं उन पर भी इस कानून में कार्रवाई होती है। ऐसे में सीए और पेशवरों की घबराहट स्वभाविक है। दरअसल काली कमाई को मैनेज करने के लिए ऐसे तमाम अधिकारी भी पेशेवरों की मदद लेते हैं। संपत्ति में बढ़े पैमाने पर काला धन निवेश किया जाता है, बल्कि शैल कंपनियां भी बनाई जाती है। अब तक आयकर और अन्य विभाग सीए को सिर्फ हिरासत में लेकर और गिरफ्तार कर पूछताछ करते थे और उन्हें गवाह बनाते थे। अब नए कानून से वे सीधे आरोपित बनाए जाएंगे।कानून के अनुसार संबंधित आरोपित की पूरी संपत्ति जब्त हो सकती है। साथ ही उन पर क्रिमिनल केस चलाकर उन्हें जेल में भी डाला जा सकता है। ताजा संशोधन के बाद कर पेशेवरों में घबराहट फैल गई है। दरअसल बीते वर्षों में किए ऐसे आर्थिक व्यवहार आने वाले समय में सामने आने पर भी उन पर कार्रवाई हो सकेगी।

## 130 साल बाद चंद्र ग्रहण और बुध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग, मान्य नहीं होगा सूतक काल

■ पटना, एजेंसी।

वर्ष 2023 का पहला चंद्र ग्रहण आज यानी पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन लगने वाला है. चंद्र ग्रहण और बुद्ध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग लोगों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगा. हालांकि, इसको लेकर लोगों में काफी संशय बना हुआ है. बिहार की राजधानी पटना के ज्योतिषाचार्य डॉ. श्रीपति त्रिपाठी ने बताया कि बुध पूर्णिमा के मौके पर साल का पहला चंद्र ग्रहण लग रहा है. इसका असर रात के 8:46 मिनट से लेकर एक बजे तक रहेगा. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत में इसे नहीं देखा जा सकता है, इसलिए यहां यह चंद्र ग्रहण मान्य नहीं होगा. पांच मई को लगने वाला चंद्र ग्रहण उप छाया चंद्र ग्रहण रहेगा. इसका मतलब यह हुआ कि चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया एक तरफ रहने के कारण यह ग्रहण हर जगह नहीं देखा जाएगा. भारत में भी यह ग्रहण नहीं देखा जाएगा. इसलिए यहां



इसका सूतक नहीं होगा. यह चंद्र ग्रहण यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, अंटार्टिका समेत अलग–अलग जगहों पर रहेगा. रात्रि में 8.46 मिनट से चंद्रग्रहण आरंभ होगा और देर रात एक बजे तक रहेगा. उपछाया चंद्र ग्रहण रहने के कारण सूतक काल मान्य नहीं होगा। डॉ. श्रीपति त्रिपाठी के अनुसार चंद्र ग्रहण और बुध पूर्णिमा का अद्भुत संयोग 130 वर्ष के बाद हो रहा है. इस दौरान चंद्र ग्रहण पर विशेष ध्यान देने के बजाय बुद्ध पूर्णिमा पर ध्यान देने की जरूरत है. बुद्ध पूर्णिमा के दिन खास तौर पर भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करें और उनके मंत्र का पाठ करें।

# बजरंग दल पर कांग्रेस का यू-टर्न

## कहा- बैन की कोई योजना नहीं, सत्ता में आए तो हनुमानजी के नाम पर चलाएंगे स्कीम

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होते ही विवाद शुरू हो गया। बजरंग दल संगठन को बैन करने के वादे को लेकर कर्नाटक में घमासान शुरू हो गया। तमाम विवादों के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को यू टर्न ले लिया। कांग्रेस ने कहा कि वह बजरंग दल पर किसी भी प्रतिबंध पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने बीजेपी पर भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस बजरंग दल पर बैन नहीं लगा रही बल्कि कर्नाटक में अंजनेया (हनुमान) मंदिरों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस कर्नाटक की सत्ता में आती है तो प्रदेश के हनुमान मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। शिवकुमार ने कहा, व्हम भगवान हनुमान के नाम पर विशेष योजनाएं शुरू करेंगे। हर तालुक में, युवाओं की मदद के लिए, हम उनके नाम पर कार्यक्रम शुरू करेंगे।ज डीके शिवकुमार ने मैसूर में चामुंडेश्वरी मंदिर में दर्शन के बाद बीजेपी पर निशाना साधते हुए सवाल किया, च्मैसूरु और बेंगलुरु के बीच 25 मंदिर हैं। क्या भाजपा नेताओं ने कभी उनकी परवाह की?



### मुद्दे को भावनात्मक बना रही बीजेपी

इधर बीजेपी ने कांग्रेस पर लगातार निशाना साध रखा है। चुनाव प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शोभा करंदलाजे ने बेंगलुरु में व्हनुमान चालीसाज पाठ के साथ हमले का नेतृत्व किया। शिवकुमार के अनुसार, कांग्रेस हमेशा से भगवान हनुमान की भक्त रही है। लेकिन हम संगठन बनाकर किसी को भी भगवान के नाम पर कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देंगे और हम ऐसी ताकतों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे।

### चुनाव प्रचार में हनुमान जी का नाम लेने पर पीएम के खिलाफ EC में शिकायत

कर्नाटक में चार दिन बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान है। इससे पहले सियासी घमासान चरम पर है। ताजा खबर यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान हनुमान जी का नाम लेने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शिकायत की है। इस बीच, सत्ता में आने पर बजरंग दल पर बैन लगाने के कांग्रेस के वादे के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस ने कर्नाटक में चुनावी रैलियों के दौरान भगवान हनुमान के नाम का इस्तेमाल करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत की। पीएम मोदी बजरंग दल पर पाबंदी लगाने के कांग्रेस के वादे को लेकर दो मई से ही उस पर निशाना साध रहे हैं और इस कदम की तुलना बजरंगबली को ताले में बंद करने से कर रहे हैं।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## तूफान मोका की आहट, अलर्ट जारी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



भारत में इस साल के पहले तूफान मोका की आने की आहट अब सुनाई देने लगी है. इसी के चलते भारतीय मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी कर दिया है. हालांकि अभी इस चक्रवाती तूफान के रास्ते के बारे में जानकारी नहीं है. आशंका जताई जा रही है कि मोका तूफान साल 2022 में आए असानी की तरह तबाही मचा सकता है. आईएमडी के मुताबिक दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर 6 मई को चक्रवात डिवलेप हो सकता है. 7 मई को यहां हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनेगा. 8 मई को यह उत्तर दिशा में मध्य बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ते हुए चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। चक्रवाती तूफान के रास्ते और उसकी तीव्रता के बारे में ज्यादा जानकारी 7 मई को पता चलेगी. मोका तूफान के चलते 7 और 8 मई को अंडमान–निकोबार में ज्यादातर हल्की बारिश होगी. कुछ जगहों पर भारी बारिश भी होने की संभावना है. 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. 10 मई को यही स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. 7 मई से मछुआरों, छोटे जहाज, नावों और पर्यटकों को दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

# विवि की उत्कृष्टता के अनुरूप अन्नदाता हेत गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार करना कृषि वैज्ञानिकों की महती जिम्मेदारी - कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

## मप्र में कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत 28 प्रक्षेत्रों की वार्षिक समीक्षा बैठक

**जबलपुर, यशभारत। जवाहलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के 22 जिलों में संचालित प्रक्षेत्रों के प्रभारी एवं अधिकारियों की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को संचालक अनुसंधान सेवायें के मंथन सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।**



बैठक की शुरूआत में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रजनन बीज उत्पादन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रदान की गई। समीक्षा बैठक में मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनेकृविवि के अनुरूप अन्नदाता हेतु उत्तम बीज तैयार करना कृषि वैज्ञानिकों की महती जिम्मेदारी है। यह बैठक आगामी समय में सभी प्रक्षेत्र वैज्ञानिकों से बेहतर व उत्कृष्ट कार्यों के प्रदर्शन की उम्मीद करती है। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि आप वैज्ञानिक हैं आपके प्रक्षेत्रों से ही हमारे अन्नदाता कृषकों को बेहतर करने की आशा व उम्मीद जागती है। अतः हमारी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। बैठक में आगामी वर्षो में विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता एवं राष्ट्रीय स्तर पर किये गये शोध एवं छवि को विश्वविद्यालय के प्रजनन बीज के नाम जाना जाये। इसी दिशा पर रोडमेप तैयार कर उपयोगी व आवश्यक खरीफ एवं रबी की फसलों की उत्पादन बढ़ाने पर जोर देने की बात कही गई, साथ ही नवीनतम किस्मों के बीजों की उपलब्धता कृषकों को सरलता से हो। बैठक में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित 27 फार्मों की समीक्षा की गई, जो प्रक्षेत्र द्वारा उत्तम कार्य किया गया, उनकी प्रशंसा एवं जो सेंटर आशा के अनुकूल प्रदर्शन नहीं किया, उन्हें सुधार करते हुए आगामी समय में बेहतर प्रदर्शन हेतु निर्देशित किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस खरीफ 2023 के प्रजनक बीज उत्पादन हेतु विश्वविद्यालय के 28 प्रक्षेत्रों पर लगभग 6 सौ हैक्टेयर में बीज उत्पादन किया जायेगा।

**इन्हें किया गया सम्मानित**- बैठक के दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की प्रेरणा से इस वर्ष से उत्पादन, उत्पादकता एवं आय में अधिक वृद्धि हेतु उनके उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 7 प्रक्षेत्रों के प्रक्षेत्र प्रभारियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। इसमें हरदा कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवनी कृषि विज्ञान केन्द्र, डी. एच.आर.टी.सी. गढ़ाकोटा, कॉलेज फॉर्म कुठुलिया एवं रीवा और बी. एस. पी. सोयाबीन यूनिट जबलपुर को सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक का संचालन संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर. एस. शुक्ला द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक में विषिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी. बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. अजय खरे आई.बी.एम. संचालक, डॉ. मोनी थॉमस आदि की उपस्थिति रही।



## पंचपर्व महा आरती से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं -ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में वैशाख मास के पुनीत पर्व पर पंच पर्व महाआरती का आयोजन किया जा रहा है ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में महाआरती के प्रसंग को विस्तार देते हुए परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद ने बताया कि आरती करने से संचित कर्मों का नाश हो जाता है, जीव पाप मुक्त हो जाता है, और जीव को अपने आराध्यदेव की प्राप्ति हो जाती है प्रत्येक पूजा में आरती का विधान प्राप्त होता है, आरती से परमात्मा का साक्षात्कार भी हो जाता है। आरती में उपस्थित ब्रह्मचारी इंदुभवानंद नर्मदा प्रसाद शर्मा आशुतोष दीक्षित श्रीमती नीता पटेल मनोज सेन श्रीमती प्रीति अग्रवाल राजेश शुक्ला आशीष चौकसे श्रीमती ऋचा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## अग्निशमन यंत्रों का आपरेशन सुरक्षा कर्मियों को करें प्रशिक्षित

**जबलपुर, यशभारत।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ सुमन ने नयागांव स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन संबंधी अमले के साथ-साथ नोडल अधिकारी ईवीएम कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। आगामी विधानसभा का निर्वाचन संपन्न कराने पर्याप्त मात्रा में कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट एवं वीवीपैट मशीन प्राप्त हो चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आयोग द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का पालन करते हुए ईवीएम वेयरहाउस में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने वेयरहाउस में फायर अलार्म सिस्टम स्थापित किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रेषित करने के निर्देश दिए। वेयरहाउस में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन में तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य अमले को भी अग्निशमन यंत्रों के आपरेशन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाए। स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर महत्वपूर्ण लोकेशन एवं आवागमन की निगरानी होनी चाहिए। कलेक्टर ने आकस्मिक विद्युत प्रदाय के लिए स्थापित जनरेटर सेट के सुचारू आपरेशन के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं अमले की तैनाती संबंधी प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए।

## अपराधिक अवमानना मामले में 23 अधिवक्ताओं को जबाव पेश करने मिला समय, कोर्ट के सामने किया था हंगामा

**जबलपुर यशभारत।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अपराधिक अवमानना के मामले में उज्जैन जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सहित 23 अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया था। अवमानना याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अनावेदक अधिवक्ताओं की तरफ से जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 4 जुलाई को निर्धारित की है। तीन माह में 25 प्रकरणों के निराकरण के आदेश के खिलाफ पूरे प्रदेश में अधिवक्ता आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान उज्जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट के सामने अधिवक्ताओं ने आपत्तिजनक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। जिसे संज्ञान में लेने हुए हाईकोर्ट ने अवमानना प्रकरण दर्ज किये जाने के निर्देश दिये थे। अवमानना याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उज्जैन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आशोक यादव, सचिव प्रकाश चौबे सहित 23 अधिवक्ताओं को अवमानना नोटिस जारी किये थे। याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान जबाव पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। जिसे युगलपीठ ने स्वीकार कर लिया।

## एथलेटिक्स का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर



**जबलपुर, यशभारत।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग के निर्देशन में व जबलपुर जिला एथलेटिक्स संघ तथा रनर्स क्लब के संयुक्त तत्वाचधान में ग्रीष्मकालीन एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय व्हीकल फैक्ट्री स्टेडियम व महाकोशल कॉलेज मैदान में प्रतिदिन प्रातः 06.00 बजे से 08.00 बजे व शाम 04.00 बजे से 05.30 बजे तक दिया जा रहा है। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद अग्निहोत्री ,सचिव अजीत कनौजिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की आयु के बालक/बालिकाओं भाग ले सकते है व यह प्रशिक्षण शिविर पूर्णतः निःशुल्क होगा। यह प्रशिक्षण शिविर मान्यता प्राप्त एनआईएस कोच श्री नवनीत एवं राष्ट्रीय पदक विजेताओं श्री धनराज पिल्ले, श्री श्यामानंद, श्री रामकुमार एवं श्री शशिरमन के कुशल मार्गनिर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर का मुख्य उद्देश्य बालक/बालिकाओं में एथलेटिक्स खेल के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करना है व साथ ही साथ एथलेटिक्स खेल की बारीकियों से अवगत कराना व स्पोर्ट्स इंजुरी, स्पोर्ट्स डाइट, योग व खेल के माध्यम से शरीर का संपूर्ण विकास करने की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी की अनुशंसा पर दी।

# बेमौसम हुई बारिश से फसलें खराब

## कृषि मंत्री बोले होगी हर संभव मदद

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर समेत समूचे मध्यप्रदेश में बीते 1 सप्ताह से हो रही बेमौसम बारिश बंद होने से फिलहाल राहत मिल गई पर अन्नदाताओं की मेहनत पर पानी फिर गया है। कुदरत के कहर के कारण फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल बिछ जाने से किसान रो उठा है।**





इस बीच मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों को आश्वस्त किया है कि इस संकटकाल में सरकार उनके साथ है। अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि अप्रैल-मई के मौसम में जब गर्मी पड़ती है तो बेमौसम हुई बारिश ने निश्चित रूप से फसलों को बर्बाद किया है, पर यह प्राकृतिक आपदा है और इस आपदा में भी किसानों पर जो संकट आया है उसको लेकर सरकार गंभीर है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों पर आए संकट को प्रदेश की सरकार ने अपने ऊपर लिया है।जबलपुर सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कृषि मंत्री ने कहा है कि पहले हम किसान हैं और फिर मंत्री या मुख्यमंत्री, हम जानते हैं कि बेमौसम हुई बारिश के समय किसानों पर क्या बीत रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि शिवराज सरकार हर किसान का ख्याल रख रही है, और खेतों में जो भी नुकसान हुआ है उसके सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि एक हल्के में अगर 10 किसानों को भी नुकसान हुआ होगा तो सरकार उसका भी मुआवजा देगी, इसके अलावा फसल बीमा के तहत भी किसानों को खराब हुई फसलों का मुआवजा दिया जाएगा। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर कहा कि कांग्रेस हमेशा से फूट डालो की राजनीति करते आ रहीं है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस बजरंग दल राष्ट्रवादी संगठन पर रोक लगाने की बात कर रही है वह ठीक नहीं है कांग्रेस जितनी भी बात कर ले कि बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया जाएगा लेकिन अब जनता कांग्रेस पर प्रतिबंध लगाएगी। मंत्री कमल पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने एक देशभक्त संगठन की तुलना देश विरोधी संगठन से कर रही है, इसका खामियाजा कांग्रेस को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। कमल पटेल ने कहा कि आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रविरोधी ताकते और राष्ट्रवादी ताकतों के बीच होने वाला है।



## आज पूर्णिमा पर रात में भी कर सकेंगे भेड़ाघाट में नौका विहार

**जबलपुरयशभारत।** पूर्णिमा की चाँदनी में चाँद को देखने पर ही असीम आनंद की प्राप्ति होती है, लेकिन इसी चाँदनी में यदि संगमरमर की खूबसूरती को नौका विहार के जरिए निहारने का मौका म्लि जाए तो इससे बड़ा अवसर कोई और नहीं हो सकता। पर्यटकों की विशेष माँग पर कलेक्टर ने 5 मई और 4 जून की पूर्णिमा के लिए यह अनुमति जारी की है। पूर्णिमा के दो दिन पहले और दो दिन बाद तक रात्रिकालीन नौका विहार सशर्त किया जा सकेगा। भेड़ाघाट आने वाले पर्यटक 5 मई को बुद्ध पूर्णिमा तथा 4 जून को पड़ने वाली पूर्णिमा पर रात में भी नौका विहार कर सकेंगे। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी भे?घाट से प्राप्त प्रस्ताव पर शाम 7 से रात 10 बजे तक नियम एवं शर्तों के तहत नौका विहार की अनुमति प्रदान की है। अनुमति में स्पष्ट किया गया है कि बिना लाइफ जैकेट पहने किसी भी पर्यटक एवं नाविक को नौका विहार की अनुमति नहीं होगी। नौका विहार के समय पर्यटक एवं नाविक द्वारा किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नहीं किया जाएगा। पंचवटी से बंदरकूदनी तक प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी तथा नौका विहार के समय होमगार्ड के 4 सैनिक एवं दो गोताखोर मोटरबोट के साथ निगरानी एवं बचाव के लिए अनिवार्य रूप से तैनात रहेंगे।

### सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

कलेक्टर श्री सुमन ने अनुमति में साफ शब्दों में कहा है कि नाव में क्षमता से अधिक पर्यटकों को न बैठाया जाए। नौका विहार मार्ग पर पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्था उपलब्ध रहे। नौका विहार स्थल पर आवश्यक प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पंचवटी घाट पर भी सभी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए और आवश्यक पुलिस बल भी मौके पर उपलब्ध रहे।



## नर्मदे हर का गुण गान के साथ निकली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**भेड़ाघाट में बरसात ठंड धूप छाव का नजारा**

**जबलपुर, यशभारत।** प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा वैशाख पूर्णिमा को परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूचम उपस्थिति में उनका पूजन अर्चन कर सुबह से ही कई समूह में 394 वी पंचकोशी स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज भिवू महाराज बनारस स्वामी ओंकार नाथ मनमोहन दुबे रामकृष्ण चौबे के सानिध्य में धूमधाम से निकली कहीं धूप कहीं छाया कहीं पानी ठंड की कड़कड़ आहट के बीच में नर्मदा का जयघोष के साथ निकाली गई। पंचकोशी मैं नर्मदा भक्त हाथ में नर्मदे हर का भगवा ध्वज लिए आश्रम से पंचवटी चौसठ योगिनी धुआंधार लामेटा घाट होते हुए नाव द्वारा पार करके शनि मंदिर होते हुए इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा सभी भक्तों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा के संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष शिवशंकर पटेल श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाबानी प्रभाकर चतुर्वेदी भूरा भाई उपस्थित थे।

## मंदिरों में विशेष पूजन

# वैशाख पूर्णिमा पर नर्मदा में पुण्य स्नान



**जबलपुर, यशभारत।** वैशाख पूर्णिमा पर कई वर्षों के बाद दुर्लभ संयोग बना है। आज वैशाख शुक्ल पूर्णिमा के दिन तुला राशि स्वाति नक्षत्र में गोचर करेगी। सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर चुका है। उनके साथ देवराज बृहस्पति भी बैठे हैं। ऐसे में मेष, वृष, मिथुन, सिंह, कर्क, तुला राशि के जातकों के लिए वैशाख पूर्णिमा शुभ रहेगी। इन्हें आर्थिक लाभ का योग बन रहा है। वहीं, कन्या, वृश्चिक और मकर राशि वालों को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्णिमा पर नदियों में पुण्य स्नान के अलावा मंदिरों में भगवान महादेव और लक्ष्मीनारायण का विशेष पूजन किया जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार वैशाख पूर्णिमा तिथि चार मई को रात 11:34 बजे शुरू हुई जो आज रात 11.03 बजे समाप्त होगी। पूर्णिमा पर उदयातिथि और चंद्रमा की पूजा का मुहूर्त पांच मई को है। वैशाख पूर्णिमा पर साल का पहला चंद्रग्रहण पड़ रहा है। इससे इस दिन का महत्व और बढ़ गया है। चंद्रग्रहण रात 08.45 बजे से रात एक बजे तक रहेगा। हालांकि यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक काल नहीं लगेगा। पूर्णिमा पर चंद्रमा की पूजा का विधान है। पूर्णिमा पर आज नर्मदा के प्रायः सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा है। गौरीघाट, भेड़ाघाट व तिलवाराघाट में विशेष भीड़ है। पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान करने की परम्परा है। पं. लोकेश व्यास ने कहा कि शाम को नदी में दीपदान करने का विशेष महत्व है। इस तिथि पर किए गए दान-पुण्य, जाप आदि का दस यज्ञों के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।

## जिला नि:शक्तजन कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र पर सुविधाओं का टोटा

# दिव्यांगों के सुविधा के लिए नियमित तकनीकी कर्मी नियुक्त करे प्रशासन : तरुण भनोत

## दिव्यांगों की शिकायत को पूर्व वित्त मंत्री ने प्रमुख सचिव को बताया




**जबलपुर, यशभारत।** जिला स्तर पर जिला निःशक्तजन कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र का भवन तो है, किन्तु अपने कार्यो के लिए केंद्र पर पहुँच रहे दिव्यांगों को लेकर शासन-प्रशासन की घोर उदासीनता और लापरवाही दिव्यांगों के अधिकारों पर कुठाराघात है। जिले के दूर-दराज के क्षेत्र से केंद्रों पर पहुँच रहे दिव्यांगों को केंद्र पर तकनीकी कर्मी के उपलब्ध नही होने के कारण जबलपुर स्थित जिला निःशक्तजन कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र, घमपुर से खाली हाथ लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत ने दिव्यांगों के शिकायत के आधार पर सामाजिक न्याय विभाग के प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र में लगाया गया है।

श्री भनोत द्वारा प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र में बताया कि विभाग द्वारा दिव्यांगों के देखरेख और समस्याओं के निराकरण के संबंध में केंद्र पर निराश्रित स्तर पर तकनीकी कर्मियों की नियुक्ति की गई है, किन्तु ठेके पर कार्य कर रहे यह तकनीकी कर्मी केंद्र पर अपनी सेवाएं देने के बजाये जिला अस्पताल में इन्ही दिव्यांगों से उस काम के बदले अवैध रूप से वसूली करनी की शिकायतें प्राप्त हो रही है। यह बेहद दुर्भाग्यजनक है कि दिव्यांगों को जो सुविधाएं सरकार निःशुल्क उपलब्ध करा रही है, उन सुविधाओं और सेवा के लिए इन दिव्यांगों को चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है जिससे उन्हे शारीरिक कष्ट के साथ ही उनका पैसा और बहुमूल्य समय दोनों नष्ट हो रहे हैं। श्री भनोत ने प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र में बताया कि दिव्यांगों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र पर नियमित तकनीकी कर्मियों की नियुक्तियों का प्रावधान किया जाये ताकि दूरदराज से जबलपुर स्थित केंद्र पर पहुंचे दिव्यांगों को खाली हाथ वापस न लौटना पड़े

## बच्चों को निशुल्क ऑनलाइन संस्कार की शिक्षा दे रहीं प्रियंका

### विभिन्न प्रांतों के 200 बच्चे ले रहे हैं भाग

जबलपुर यशभारत। बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उनको जैसा आकार देंगे वैसे ढल जाएगे आज के दौर में बच्चे यूट्यूब फेसबुक एवं व्हाट्सएप सोशल मीडिया की चकाचौंध के कारण वह अध्यात्म को छोड़कर अपना संस्कार भूल रहे हैं मेरा प्रयास है कि बच्चे संस्कारी बने और अध्यात्मिक से जुड़े ? यह कहना है बच्चों को संस्कार देने वाली जेडीए कांप्लेक्स दीनदयाल में रहने वाली प्रियंका मिश्रा का जो निशुल्क ऑनलाइन के माध्यम से ना केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के अन्य प्रदेशों से बच्चों को ऑनलाइन अच्छे संस्कार देने का कार्य कर रही हैं उनका कहना है कि हर कोई चाहता है कि हर परिवार का बच्चा संस्कारी बने, तो बचपन से ही बच्चे में अच्छे संस्कार डालना चाहिए उन्होंने यश भारत से बातचीत में बताया कि बच्चों को ऑनलाइन संस्कार देने का यह कार्य निशुल्क कर रही हूं इसमें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज आजमगढ़ झांसी हिमाचल प्रदेश झारखंड एवं अन्य प्रदेशों सहित करीब 200 बच्चे ऑनलाइन जुड़ते हैं यह क्रम विगत 2 सप्ताह से चल रहा है बच्चों को रात 8ः00 से 9ः00 बजे तक ऑनलाइन संस्कार की शिक्षा दी जाती है।



# मेडिकल सुपर स्पेशलिटी में खून की दलाली: दलाल ने 7 हजार में तय किया दो बोतल खून का सौदा

जबलपुर, यशभारत। मेडिकल सुपर स्पेशलिटी में ब्लड बेचने का गोरखधंधा चल रहा है। अस्पताल के कर्मचारी ही कमीशन लेकर मरीज के परिजनों के लिए बल्ड उपल्बध करा रहे हैं। ताजा मामला शुक्रवार का है। अस्पताल में एक दलाल ने कटनी से आए मरीज के परिजनों से दो बोतल खून दिलाने का सौदा 7 हजार में तय किया। सौदे के हिसाब से परिजन 4 हजार रूपए दे दिए हैं लेकिन परिजनों को खून नहीं मिला। अब मरीज के परिजन सुरक्षा गार्ड को खोज रहे हैं लेकिन उसकी कोई खबर नहीं न अस्पताल प्रबंधन को है और न ही कंपनी के लोगों को।

दरअसल मेडिकल सुपर स्पेशलिटी में कटनी निवासी खुशीलाल ने अपने पिता शिवरतन मेहरा को एक्सीडेंट में घायल होने पर भर्ती कराया था। जांच परीक्षण में सामने आया कि मरीज को दो बोतल खून की जरूरत है। चिकित्सक ने ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सलाह दी। इस दौरान बेटे खुशीलाल ने अस्पताल में मौजूद सफाई कर्मी से खून को लेकर बात की। जिसमे एक दलाल ने दो बोतल खून 7 हजार

## 4 हजार लेकर भी नहीं दिया खून, भटक रहे मरीज के परिजन

रूपए में देने की बात कही। जिसके तहत मरीज के परिजन से 4 हजार रूपए लिए गए और दोपहर में 12 बजे खून उपलब्ध कराना तय हुआ। लेकिन जब डॉक्टरों ने मरीज के परिजनों से खून उपलब्ध कराने को कहा तो वह दलाल को खोजने लगे। बाद में उन्हें ज्ञात हुआ कि दलाल के द्वारा खून की दलाली के नाम पर ठगा गया है।

### पहले भी सामने आए मामले

मालूम हो कि इससे पहले नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में रक्त उपलब्ध कराने के लिए दलाल काम कर रहे है। इसमें कर्मचारियों की मिली भगत है। इससे पहले भी कई बार इस तरह के मामले सामने आ चुके है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा किया। अस्पताल प्रबंधन ने ब्लड बैंक की दलाली को लेकर एक भी शिकायत पुलिस को नहीं दी है। जिसके चलते यहां बेधड़क कारोबार चल रहा है।





# श्रीहरि की आराधना से अनिष्ट का नाश- स्वामी नरसिंह दास महाराज

### श्री नरसिंह प्राक्टयोत्सव धूमधाम से संपन्न



**जबलपुर, यशभारत।** भक्त राज प्रहलाद जैसे भगवान श्री हरि नरसिंह की आराधना करने से धन-धान्य आरोग्य के साथ सुख समृद्धि का वरदान देते हैं। उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में नरसिंह प्राक्टयोत्सव के अवसर पर आयोजित वैदिक सहस्त्रनाम अर्चन में कहे। नरसिंह मंदिर शास्त्री बिज मे नृसिंह जंयती के अवसर पर *श्री नृसिंह प्राकट्योत्सव* धूमधाम से मनाया। श्री नृसिंह भगवान का पूजन, अभिषेक, सहस्त्रनामार्चन एवं श्री नृसिंह महामंत्र का जप महाआरती नृसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदास जी महाराज के सानिध्य मे अनूप देव शास्त्री, आचार्य रामफल शास्त्री सहित संत महात्माओं ने सहस्त्रनाम पाठ कर 1008 कमल दलों से पुषपार्चन कर हवन-यज्ञ भोग प्रसादी अर्पित की। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, सी ए अखिलेश जैन, धीरज पटेरिया, चंद्र कुमार भनोत, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, शरद काबरा, लकी भाटिया, पप्पन मिश्रा, विजय सरावगी उमेश खुराना, डॉ अजय तिवारी, डॉ पवन स्थापक, डॉ हितेश अग्रवाल, पूनम साहनी, सीमा सिंह जुग्गी,इंदुलता प्यासी, वीणा तिवारी, गीता पांडे, प्रभा यादव, राकेश पटेल, लोकराम कोरी, रामजी, विष्णु पटेल, जगदीश साहू मनोज नारंग, विध्येश भापकर, डॉ संदीप मिश्रा मनोज पटेल, राजेन्द्र यादव नीरज मिश्रा सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल, सनातन धर्म महासभा जबलपुर के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही।



# मालगाड़ियों की लोडिंग में कन्वेयर मशीन सिस्टम में जबलपुर रेल मंडल पहले नंबर पर

**डीआरएम विवेकशील ने किया शुभारंभ**

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे में जबलपुर रेल मंडल पहला स्टेशन बन गया है जहां पर माल गाड़ियों में लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य अब हम्मालो के साथ ही मशीन के द्वारा किया जाएगा। ।इस संबंध में गुरुवार को मशीनीकृत माल लदान उतरान हेतु कन्वेयर सिस्टम मशीन का शुभारंभ डीआरएम विवेक शील द्वारा किया गया ।इस अवसर पर सीनियर डीसीएम विश्वरंजन तथा एसीएम गुन्नार सिंह भी उपस्थित थे। नए यांत्रिकृत सिस्टम के संबंध मे बताया गया कि इस कन्वेनस सिस्टम के द्वारा 1 घंटे में 120 बोरी गेहूं, चावल, खाद आदि बैग कंसाइनमेंट को माल गाड़ियों में लोड करने तथा उतारने का भी कार्य किया जा सकेगा ।इन मशीनों के लगने से अब व्यापारियों को माल गोदाम में माल को रोकने के लिए दिए जाने वाले शुल्क से मुक्ति मिलेगी और तीव्र गति से लदान एवं उतरान का कार्य हो सकेगा जिससे कि इस कार्य में लगे मजदूरों को भी ज्यादा कार्य मिलेगा इसके साथ ही रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी।

# पमरे भण्डार मुख्यालय में अपर सदस्य (रेल भण्डार) डॉ. अतुल गुप्ता का निरीक्षण



**जबलपुर यशभारत।** रेलवे बोर्ड नई दिल्ली से अपर सदस्य (रेल भंडार) डॉ. अतुल गुप्ता का भंडार मुख्यालय के निरीक्षण हेतु आगमन हुआ और साथ ही पमरे अपर महाप्रबंधक रवि शंकर सक्सेना के साथ बैठक कर भण्डार विभाग की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा भी की गई। इस अवसर पर भंडार विभाग के प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी.सी. अहिरवार, मुख्य सामग्री प्रबंधक-1, मुख्य सामग्री प्रबंधक-2, मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण, मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री एवं भंडार विभाग के समस्त डिपो और मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे। निरिक्षण के दौरान डॉ. गुप्ता ने सभी अधिकारियों के साथ भंडार विभाग के समस्त कर्मचारियों से उनके कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण पश्चात डॉ. गुप्ता ने भंडार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने क्वांटिटी ऑफ परचेस इंटीग्रिटी एंड की परफॉर्मेंस इंडिकेटर पर जोर दिया। उन्होंने आईएमएसएमएस* एवं आईआरइपिएस सिस्टम को सभी फ्यूचर का सदुपयोग करने की सलाह दी और इसे वर्ल्ड क्लास मैटेरियल मैनेजमेंट टूल के रूप में बताया। साथी ही इम्प्लीमेंटेशन ऑ? वारण्टी सिस्टम एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन भारतीय रेल में गेम चेंजर साबित होगा। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों को मटेरियल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु माह में कम से कम एक बार फील्ड के निरीक्षण हेतु निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पमरे भण्डार विभाग स्क्रैप सामग्री जुटाकर और ई-नीलामी के माध्यम से इसकी बिक्री करके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने के लिए हरसंभव प्रयास करती है। रेलवे द्वारा निर्धारित लक्ष्य रूपये 175 करो? के लक्ष्य के विरूद्ध पमरे द्वारा वित्त वर्ष में 2022-23 के दौरान 236 करोड़ 35 लाख रुपये की स्क्रैप बिक्री की गई, जो कि 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाती है। इसके अलावा भण्डार विभाग द्वारा रेलवे चिकित्सा के उपयोग हेतु दवाइयों की खरीदी एवं इंजीनियरिंग विभाग की सामग्री की खरीदी भी किया जा रही है।अपर सदस्य (रेल भंडार) डॉ. अतुल गुप्ता ने पश्चिम मध्य रेल के भण्डार विभाग के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की है।

# पाटन में कार पलटी एक की मौत, दो गंभीर

### शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे जबलपुर

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगदरी घाटी में एक कार चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया इस दुर्घटना में 3 लोगों को गंभीर रूप से छोटे हैं जिसमें से एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



देर रात हुई इस सड़क दुर्घटना के संबंध में पाटन पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि विदिशा जिले के गंज बासौदा के पास जरौद ग्राम निवासी 18 वर्षीय अयान अली पिता ईसाक अली एवं 32 वर्षीय जाहिदा पति युसूफ अली व 5 वर्षीय हारिय अली अल्टो कार किराए से लेकर जबलपुर में अपने रिश्तेदार के हैं आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे उनका वाहन जैसे ही बगदरी घाटी पर पहुंचा ही था कि वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठा जिससे अल्टो कार कुछ दूर आगे जाकर पलट गई इस दुर्घटना में कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई राहगीरों द्वारा कार में फंसे लोगों की मदद करते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी गई उक्त दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए पहले पाटन अस्पताल लाया गया जहां पर 18 वर्षीय अयान अली को चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 32 वर्षीय जाहिदा एवं 5 वर्षीय हारिय अली की हालत को गंभीर देखते हुए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## स्थगित साधारण सभा की बैठक 8 मई को

**जबलपुर, यशभारत।** नगर पालिक निगम जबलपुर की स्थगित साधारण सभा की बैठक दिनांक 08 मई 2023 दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## मेडीकल में आउटसोर्स के कर्मचारियों के सामने कम्पनियों की नीतियों को लेकर भ्रम

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविन्द्र राय ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द वोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में हाइट्स कम्पनी की अधीनस्थ यू.डी.एस. कम्पनी के कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा था जिनका आपसी अनुवन्ध 30 अप्रैल 2023 को समाप्त होने की दशा में कर्मचारियों को आदेश प्रसारित किये गये। कम्पनी की कार्य अवधि बढ़ने पर सम्बन्धित कम्पनी के मैनेजर द्वारा आज दिनांक तक आदेश प्रसारित नहीं किये गये ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को भ्रम एवं अनिश्चिता का माहौल निर्मित है। मरीज हित को देखते हुये आदेश प्रसारित होना अति आवश्यक है। जिस को लेकर अधिष्ठाता एवं अधीक्षक महोदय को संघ ने पत्र लिखकर मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र सम्बन्धित कम्पनी द्वारा आदेश प्रसारित किये जाये। इस दौरान महामंत्री अजय कुमार दुबे, विपिन पीपरे, कमल मुदगल, राजेश भारद्वाज, विकास डेहरिया, नेहा दुवे, सुनील पाठक आदि उपस्थित रहे।



# सनातन संस्कृति गृहस्थ आश्रम सर्वोपरि

**जबलपुर, यशभारत।** परशुराम धाम गौरी घाट भगवान परशुराम पूजन अर्चन मंगल आरती, संपन्न, भगवान परशुराम संपूर्ण संस्कृति के प्रेरक, आज भारतीय संस्कृति वासुदेव कुटुंबकम जैसे विश्व को दर्शन कराने वाले राष्ट्र में गृहस्थ आश्रम सर्वोपरि है यही हमारी संस्कृति है विश्व की भारत की सर्वोच्च न्यायालय इस विषय को दृष्टिकोण रखते हुए गृहस्थ आश्रम को ही सर्वोपरि मानना चाहिए। कार्यक्रम में डॉक्टर अभिलाष पांडे , पंडित धनंजय बाजपेई पंडित यदुवंश मिश्रा राजकुमार दुबे सुधाकर मिश्र डॉक्टर अरुण मिश्रा रावेंद्र तिवारी माधव पांडे आर एस पांडे नर्मदा परिक्रमा वासी संत केदार महाराज जी आदि उपस्थित थे।

## जबलपुर-कोयंबटूर- साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि विस्तारित

**जबलपुर यशभारत।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को पुनः विस्तारित किया गया है। इस स्पेशल रेलगाड़ी के विस्तारित होने पर पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाईट से विस्तारित अवधी के आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पमरे मुख्यालय द्वारा बताया गया कि जबलपुर से प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्थान कर कोयंबटूर जाने वाली गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जून 2023 तक तथा कोयंबटूर से प्रत्येक सोमवार को प्रस्थान कर जबलपुर आने वाली गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी दिनांक 03 जुलाई 2023 तक चलती रहेगी।

## मार्ग परिवर्तित से जाएगी जबलपुर संतराकाछी हमसफर एक्सप्रेस

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से होकर संतरागाछी की ओर जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 20827 11 मई 2023 को एन आई वर्क के कारण मार्ग परिवर्तित करके चलाया जा रहा है जो कि राउरकेला, हटिया मूरी,टाटानगर होते हुए गंतव्य मार्ग को जाएगी।यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में नामित हुए रेलवे ए.जी.एम

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक, रविशंकर सक्सेना को रेलवे बोर्ड द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। रविशंकर सक्सेना, अपर महाप्रबंधक, पमरे ने आगामी एक वर्ष के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।इस अवसर पर पमरे के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, यू.के.सिंह एवं राजभाषा अधिकारी, राज रंजन श्रीवास्तव ने रविशंकर सक्सेना से भेंट कर उन्हें बधाई दी तथा उनका स्वागत किया।


## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं.– 10/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/ एपीडी/.... जबलपुर दिनांक 27.04.2023

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWPIU_272070_1 | ग्राम सुआतला ब्लॉक करेली जिला नरसिंहपुर में नवीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 237.76 | 237760.00 | 15000.00 | 12 (बारह) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म0प्र0) |
| 2 | 2023_PWPIU_272031_1 | पी0आई0यू0 जिला नरसिंहपुर के अंतर्गत विभिन्न भवनों के सुपरवीजन एवं क्वालिटी कन्ट्रोल का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 92.64 | 92640.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म0प्र0) |
| 3 | 2023_PWPIU_271988_1 | पीआईयू नरसिंहपुर के अंतर्गत विभिन्न भवनों के डी0पी0आर0 बनाने का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 95.00 | 95000 | 10000 | 12 (बारह) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. साउथ सिविल लाइन, जी.सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म0प्र0) |
| 4 | 2023_PWPIU_272057_1 | 01 नग बोलेरो वाहन कार्यालयीन उपयोग हेतु (द्वितीय आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 2.64 | 10000.00 | 2000.00 | 12 (बारह) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई,सिविल लाईन, नरसिंहपुर (म0प्र0) |
| 5 | 2023_PWPIU_272226_1 | अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन गोटेगांव जिला नरसिंहपुर हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराने का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 12.00 | 24000.00 | 2000.00 | 01 (एक) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई,सिविल लाईन, नरसिंहपुर (म0प्र0) |

1– निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2– निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3– निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 29.04.2023 समय 9.00 से दिनांक 13.05.2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4– निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-12494/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. नरसिंहपुर (म.प्र.)

# कैबिनेट में मिली श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास को मंजूरी

## राम वनगमन पथ का होगा विकास

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास को मंजूरी दे दी। अब प्रदेश में श्री राम वनवास के समय जिन रास्तों से निकले उसके विकास में तेजी आएगी। इसके साथ ही गुरुवार को कैबिनेट ने और कई अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट में तय किया गया कि श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। न्यास में 33 सदस्य होंगे। इसमें 28 पदेन न्यासी सदस्य होंगे। अशासकीय न्यासियों का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। न्यास का काम वनवास के समय श्री राम के प्रदेश से गुजरी जगहों का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विकास करना है। केंद्र सरकार ने प्रदेश में 23 ऐसे स्थल को चिन्हित किया है। न्यास में और 5 अशासकीय न्यासी सदस्य नामांकित किए जाएंगे, जो भगवान श्री राम के शोध और अध्ययन कार्य से जुड़ेंगे।



### 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति

न्यास के संचालन के लिए समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन भी किया जाएगा। न्यास की संस्थागत व्यवस्था के लिए संस्कृति विभाग सक्षम होगा। न्यास के सुचारू संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी। इकाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सात पद होंगे। न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। जिस पर एक करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक वार्षिक भार आएगा।

### न्यास के यह होंगे काम

न्यास का काम केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश में चिह्नित श्री रामवन गमन पथ के 23 स्थलों का विकास करना रहेगा। उनके जोड़ने वाले रास्ते को सुगम और सुविधाजनक बनाना। वहां पर पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यात्री सुविधाओं का विकास करना और उनका संचालन करना।

### प्रदेश में यह स्थल चिह्नित

प्रदेश में सतना, पन्ना, कटनी, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर जिले के स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल है।

### साहित्यकारों/कलाकारों को पांच हजार रुपए मिलेगी सहायता राशि

कैबिनेट ने अभावग्रस्त साहित्यकारों और कलाकारों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह सहायता राशि देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अभी उनको 15 सौ रुपये की सहायता राशि दी जाती थी। वहीं, साहित्यकारों और कलाकारों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 3500 रुपये प्रतिमाह राशि दी जाएगी।

### सागर मेडिकल कॉलेज में 150 एमबीबीएस सीटें बढ़ी

कैबिनेट ने सागर मेडिकल कॉलेज के लिए 150 एमबीबीएस सीट बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी कॉलेज में 100 सीट की स्वीकृति है। नए सीटों की स्वीकृति के बाद मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की क्षमता बढ़ाकर 250 एमबीबीएस सीट की हो गई है। इसके लिए 200.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।




# 72 घंटे में आसमान हो जाएगा साफ उसके बाद गर्मी पकड़ सकती है रफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

देश के अलग-अलग हिस्सों में बने सिस्टम अब कमजोर पड़ने लगे हैं। इससे अगले 72 घंटे में आसमान साफ होने लगेगा। आसमान साफ होने के बाद गर्मी रफ्तार पकड़ सकती है। आठ मई के बाद शहर में धीरे-धीरे गर्मी दस्तक देगी। पांच मई को आ रहे पश्चिमी विक्षोभ से छह और सात मई को मौसम बिगड़ने के आसार हैं। गुरुवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे और दिन में धूप भी निकली, लेकिन हवा में नमी होने से गर्मी नहीं बढ़ी। अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ, जो सामान्य से 7.4 डिसे कम रिकार्ड है। इससे दिन में ठंडक रही और मौसम सुहाना रहा। इस सप्ताह शहरवासियों ने गर्मी का सामना नहीं किया। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में पांच मई को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इस पश्चिमी विक्षोभ का असर दो दिन रहेगा। इन दो दिनों में हल्के, मध्यम बादल छाएं। सात मई तक बूंदाबांदी के आसार हैं, लेकिन तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। हरियाणा व तमिलनाडु में चक्रवातीय घेरे बने हैं। हरियाणा के चक्रवातीय घेरे से ग्वालियर चंबल संभाग का मौसम प्रभावित हो रहा है। यह 72 घंटे में कमजोर पड़ जाएगा। द्यएक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पास है और दूसरा कश्मीर में सक्रिय है। द्यइस कारण अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इन सभी कारणों से मौसम बदला हुआ है। आठ मई तक ये सिस्टम कमजोर पड़ जाएंगे और हवा का रुक बदल सकता है।

### हल्की वर्षा हो सकती है

अगले 72 घंटे में धीरे-धीरे आसमान साफ होना शुरू हो जाएगा। इस बीच कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है, लेकिन धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

**डा. वेदप्रकाश सिंह, रडार प्रभारी, मौसम केंद्र भोपाल**




# खाली प्लाट में इंसानी हड्डियां मिलने से हड़कंप

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के ईदगाह हिल्स में स्थित डाक्टर कालोनी में बुधवार सुबह खाली प्लाट में पड़ी पालीथीन में इंसानी हड्डियां मिलने से सनसनी फैल गई। इंसानी हड्डियां बरामद होने से रहवासी भी दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने हड्डियों को जब्त कर लिया है। मौके पर फारेंसिक विभाग की टीम भी जांच के लिए पहुंची। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये हड्डियों के नमूने हैं, जो चिकित्सा के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।गौरतलब है कि डाक्टर कालोनी में ज्यादातर जीएमसी, हमीदिया के चिकित्सकों के आवास हैं। कालोनी के गेट के पास कोई अज्ञात शख्स इन हड्डियों को पालीथीन मे बंद कर फेंक गया, जिसे कुत्तों ने नोंचकर फाड़ दिया। बुधवार सुबह सफाई दरोगा ने जब इन हड्डियों को देखा तो उसने तुरंत आसपास रहने वाले लोगों को बताया। इसके बाद रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी।शाहजहांनाबाद के एसीपी उमेश तिवारी ने बताया कि बरामद की गई हड्डियों पर उनके नाम और नंबर दर्ज हैं। इससे साफ है कि ये हड्डियां मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई में इस्तेमाल की जाती रही होंगी। बहरहाल, कालोनी में इन हड्डियों को किसने फेंका, पुलिस इसकी जांच कर रही है। बरामद हड्डियों की भी जांच कराई जा रही है।

**पुलिस जांच में जुटी**

# कांग्रेस की मति मारी गई है, चेहरा पूरी तरह बेनकाब

## बजरंग दल बैन की बात पर सीएम शिवराज का तीखा प्रहार

■ भोपाल, यशभारत।



कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी करते हुए सरकार बनने पर बजरंग दल को बैन करने का दावा किया है, जिसको लेकर अब सियासत तेज हो गई है. यह मुद्दा अब कर्नाटक से निकल मध्य प्रदेश तक आ पहुंचा है. एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रस पर करारा हमला किया है. उन्होंने बजरंग दल को राष्ट्रवादी संगठन बताते हुए कहा है कि कांग्रेस की मति मारी गई है. सीएम शिवराज का कहना है कि कांग्रेस का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है. सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की मति मारी गई है, जो बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं. वह बजरंग दल जो प्रखर राष्ट्रवादी संगठन है. वह बजरंग दल, जो आतंकवाद का विरोध करता है, लव जिहाद का विरोध करता है. बजरंद दल सामाजिक सेवा सहित देशभक्ति के भाव, अपने धर्म और संस्कृति के प्रति स्वाभीमान और जागरण का भाव पैदा करता है, उसकी तुलना पीएफआई से करना गलत है. ये वही कांग्रेस है जो अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करती थी. यह वही कांग्रेस है जिसने राम सेतु को काल्पनिक कहा था. ये लोग मौका मिलते ही हिन्दुत्व का विरोध करते हैं. आज उसका चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि यह वही कांग्रेस है जो सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करती है. आतंकवादियों को महिमामंडित करने वाले अब बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं. कमलनाथ हनुमान जी के भक्त बनते हैं और बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कर रहे हैं. कमलनाथ को इसपर जवाब देना चाहिए।

# सीएम हाउस पहुंचा वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन का आडियो, मुख्यमंत्री ने बुलाया भोपाल

■ भोपाल, यशभारत।

वरिष्ठ भाजपा नेताओं के पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को लेकर भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन का आडियो सीएम हाउस पहुंच गया है। सत्तन ने आडियो में वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा पर नाराजगी जाहिर की थी। इधर, वरिष्ठ भाजपा नेता भंवरसिंह शेखावत ने भी इसी मुद्दे को लेकर असंतोष जताया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने दोनों नेताओं को चर्चा के लिए भोपाल बुला लिया है। सत्तन ने फिलहाल भोपाल जाने से इन्कार कर दिया। उनका कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बता दिया है कि वे पारिवारिक कार्यक्रम में व्यस्त हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समय मिले आप आ जाएं, चर्चा करना है। पूर्व मंत्री दीपक जोशी के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने के मामले में सत्तन ने कहा था कि भाजपा पुराने नेताओं के अनुभव की अनदेखी कर रही है। जो हमें 70 वर्ष से गालियां दे रहे हैं, हम उन्हें पास बैठा रहे हैं, पद दे रहे हैं। अभी तो सिर्फ दो नेता भाजपा छोड़ रहे हैं, लेकिन आगे जाकर इसमें और शून्य बढ़ेंगे। जैसे कांग्रेस खाली हुई है वैसे ही भाजपा भी खाली हो जाएगी। उम्र के दायरे में बांधकर अनुभव की अवहेलना की जा रही है।



# नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह को बताया हेट स्पीच का इनसाइक्लोपीडिया कमल नाथ, खरगे पर भी कसा तंज

■ भोपाल, यशभारत।

कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन पीएफआइ के साथ बजरंग दल पर भी प्रतिबंध लगाने की बात पर मध्य प्रदेश में भी सियासी रार थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मुद्दे पर कमल नाथ को पत्र लिखकर जवाब मांगा था। इस पर कमल नाथ ने दमोह के जबेरा में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि समाज में नफरत या विवाद फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठन पर लगाम कसने की बात तो सुप्रीम कोर्ट भी कह चुकी है। उनके इस बयान पर नरोत्तम ने गुरुवार को पलटवार किया। नरोत्तम ने कमल नाथ के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि हम खेत की बात करते हैं और उन्होंने खलिहान की बात शुरू कर दी। हमने बजरंग दल को लेकर सवाल पूछा था और फिर सुप्रीम कोर्ट ने बजरंग दल के बारे में ऐसा कब कहा।



# सीएम की घोषणा के बाद भी पट्टे देने नहीं लगा शिविर, विस्थापितों में पसरी मायूसी

■ भोपाल, यशभारत।

हमीदिया रोड स्थित इसरानी-बैनर्जी मार्केट के विस्थापित सिंधी परिवारों को पिछले दिनों आखिरकार उनकी संपत्ति के पट्टे मिल गए, लेकिन बैरागढ़ के विस्थापित परिवारों को अभी तक पट्टे नहीं मिल सके है। देश के विभाजन के दौरान तत्कालीन पश्चिम पाकिस्तान से आकर संत हिरदाराम नगर में बसे कई परिवारों को अभी तक उनकी संपत्ति के पट्टे नहीं मिलते हैं। कुछ लोगों को पट्टे मिले भी तो उनकी समय अवधि समाप्त हो गई है। अब इनका नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। नागरिकों की यह आम शिकायत रही है किउनके प्रकरणों को प्रशासनिक स्तर पर खारिज कर दिया जाता है। कई मामलों में पुराने दस्तावेज मांगे जाते हैं, जो लोगों के पास नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बलिदानी हेमू कालानी जन्म शताब्दी समारोह में आरएसएस के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत की मौजूदगी में कहा था कि विस्थापितों को पट्टे देने के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। उनकी घोषणा के डेढ़ माह बाद भी प्रशासन ने शिविर नहीं लगाया है।

**कब्जे के आधार पर मिलें पट्टे**

पूज्य सिंधी पंचायत ने मौजूदा कब्जे के आधार पर पट्टे देने का सुझाव दिया है। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी एवं नंद कुमार दादलानी का कहना है कि बैरागढ़, गांधीनगर एवं करोंद आदि क्षेत्र के पट्टों से संबधित प्रकरण अब भी लंबित हैं, हमने कई बार इसके लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया है लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। यह चिंता की बात है। उल्लेखनीय है कि बैरागढ़ में बसाहट के समय प्रशासन ने नागरिकों को पट्टे दिए थे। उनकी अवधि अब समाप्त हो चुकी है। कुछ लोगों ने बढ़े हुए हिस्से के लिए नया पट्टा देने के आवेदन भी किए हैं। नवीनीकरण नहीं होने के कारण नए धारणाधिकार कानून का लाभ भी लोगों को नहीं मिल रहा है। इस कानून के तहत कुछ प्रीमियम लेकर बढ़े हुए हिस्से को फ्रीहोल्ड करने का प्रावधान है।

# चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अतिरिक्त संचालक और उप संचालक समेत 243 नए पद बनेंगे

## प्रदेश में अब 12 नए कालेज खुलेंगे

■ भोपाल, यशभारत।



चिकित्सा शिक्षा संचालनालय (डीएमई) में अतिरिक्त संचालक, संयुक्त संचालक समेत 243 अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना की जाएगी। इसके लिए पद सृजित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसका बड़ा लाभ यह होगा कि डाक्टरों की भर्ती, काउंसलिंग समेत विभिन्न कार्यों में तेजी आएगी। दरअसल, प्रदेश में मेडिकल कालेजों की संख्या बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में 12 नए कालेज खुलेंगे। इनकी स्वीकृति मिल चुकी है। जरूरत के अनुसार डीएमई में स्टाफ नहीं बढ़ा है, जिससे दिक्कत आ रही है। उप संचालक स्तर पर कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थापना भी की जाएगी। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने इस तरह के प्रबंधकीय पदों के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन संवर्ग बनाया है। इसलिए पड़ी आवश्यकतावर्ष 2015 के पहले तक प्रदेश में सिर्फ छह मेडिकल कालेज थे। इसके बाद सात और कालेज खोले गए। इस तरह अभी 13 कालेज संचालित हो रहे हैं। आगामी पांच वर्षों में 12 मेडिकल कालेज और खुलने जा रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से पांच जिलों में पांच मेडिकल कालेज खोलने की योजना है। इन सभी की व्यवस्थाओं और निगरानी के लिए छोटे-बड़े अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यकता है। इसमें विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त जैसे तकनीकी विषयों के लिए अलग से उप संचालक और सहायक संचालक भी होंगे। इस तरह होगी चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की संगठनात्मक व्यवस्थाआयुक्त - एक (आइएएस)संचालक- एक (चिकित्सा शिक्षा से) अतिरिक्त संचालक- चार पद (एक राज्य वित्त सेवा, दो राज्य प्रशासनिक सेवा और एक चिकित्सा शिक्षा से) संचालक प्रोजेक्ट- एक पद (सिविल इंजीनियर)संयुक्त संचालक- तीन (चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर) उप संचालक- चार (चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर)।

# बस रुकवाकर पत्नी के प्रेमी का अपहरण, बंधक बनाकर की मारपीट

भोपाल ,यशभारत। राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके में चार लोगों ने बस रुकवाकर उसमें सवार एक युवक को अगवा कर लिया। इसके बाद शमशाबाद में बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना का पता चलने पर स्वजन ने किसी तरह युवक को छुड़ाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। नजीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय रामस्वरूप सपेरा भोपाल में मजदूरी करता है। गांव में उसके पड़ोस में रहने वाले कैलाश सपेरा की पत्नी रामस्वरूप से बात करती थी। 21 अप्रैल को कैलाश की पत्नी अपनी मर्जी से रामस्वरूप के साथ रहने आ गई थी। इस बात से कैलाश, रामस्वरूप से नाराज था। झगड़ा न बढ़े, इसलिए 24 अप्रैल को रामस्वरूप ने कैलाश से फोन पर बात की और और बोला कि वह उसकी पत्नी को लेकर आ रहा है।

# शिक्षा नीति पर आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने डाला गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश

भोपाल ,ईएमएस। प्राचीन भारत में गुरुकुल होते थे। जहां गुरु-शिष्य की परंपरा रहती थी। शिक्षक अनादि काल से श्रुति-स्मृति परंपरा का पोषक रहा रहा है। आज भी गुरु-शिष्य परंपरा बची है। यह बात राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. गोपीनाथ शर्मा ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने त्भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षक और शिक्षाज विषय पर कहा कि गुरुकुल परंपरा सदियों से रही है। आज भी यह भारत में परंपरा देखी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का आधार भारतीय ज्ञान परंपरा है और इसी ज्ञान परंपरा के आधार पर शिक्षक प्रशिक्षण किस प्रकार हो, इन विषयों को लेकर यह संगोष्ठी आयोजित है। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन डा. रमण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भोपाल परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. हंसधर झा ने कहा कि वर्तमान में संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर इसे और बल मिलेगा। संगोष्ठी में शिक्षाविद् देवकीनंदन चौरसिया का विशिष्ट व्याख्यान हुआ। सत्र की अध्यक्ष प्रो. प्रभादेवी चौधरी एवं संचालक डा. दाताराम पाठक थे।



# भव्य गजरथ फेरी के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का समापन

■ भोपाल, यशभारत।

शहर के बावड़िया कला में स्थित नए जिनालय में छह दिवसीय पंचकल्याण्क महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। आखिरी दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। गजरथ फेरी को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिनालय के आसपास शोभा यात्रा व गजरथ फेरी आकर्षक का केंद्र रही। आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि अजित सागर महाराज, मुनि निर्दोष, निर्लोभ, मुनि निरूपम, एलक, दया, विवेकानंद सागर महाराज के सानिध्य में केसरिया ध्वज पताकाओं के तले भव्य गजरथ यात्रा निकली। भगवान जिनेन्द्र के रथ श्रद्धा व भक्ति के केंद्र थे। यहां विधि-विधान से क्रियाएं की गईं। विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ हुआ। इसके बाद निकली शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। मार्ग में जगह-जगह जिन प्रतिमाओं की आरती उतारी गई।

नवीन जिनालय के ध्वजारोहण पुण्यार्जक परिवार नरेन्द्र-सरिता मोदी एवं मुख्य शिखर पुण्यार्जक परिवार संजय-मीता जैन रहे। समाज के अध्यक्ष मनोज बांगा, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु ने मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। अनुष्ठान के प्रतिष्ठाचार्य अशोक भैया, सुमत भैया, अविनाश भैया का सम्मान आयोजन समिति के प्रमुख शशि टोंग्या, राजेन्द्र जैन, अशोक जैन, महेन्द्र जैन एवं समस्त समिति द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य पात्र पुष्पेन्द्र-सविता (भगवान के माता-पिता), हिमांशु-शेफाली (सोधर्म इंद्र-इंद्राणी), नितिन-प्रज्ञा (कुबेर), महेंद्र-कांता (महायज्ञ नायक), अशोक-संगीता (यज्ञ नायक), संजय-मंजुषा (विधि नायक), सुमित-अंजली (भरत चक्रवर्ती), अतुल-अलका (कामदेव बाहुबली) रहे।

**जिनालय में विराजित की गई भगवान की मूर्तियां**

# नुनसर में मुख्य मार्ग पर भर रहा नाली का गंदा पानी

**निकासी रुक जाने से शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला में भी भरा है पानी जिसमें स्कूल शिक्षक छात्रों को बीमारी का अंदेशा बना हुआ है**



**बेलखाड़ू, यशभारत। पाटन रोड के ग्राम नुनसर में पानी की निकासी ना होने से किसानों की फसल खराब हो रही पूर्व सड़क निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा किया गया था जिसके कारण पानी की निकासी बंद हो गई है ग्राम वासियों ने इस संबंध में शासन को अवगत कराया था लेकिन ध्यान नहीं दिया गया खेतो का पानी खाली ना होने से बोनी भी नही कर पाते हैं।**

किसानों ने बताया बरसात में 50 एकड़ जमीन पानी से भरी रहती है सड़क के किनारे खेतों में मिट्टी पुराई की गई है शासन एवं प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है मुख्य मार्ग पर पानी की निकासी बनाई जावे जिससे खेतों का पानी एवं ग्राम का पानी भी निकल सके पुलिया के पास अतिक्रमण हो जाने से पानी की निकासी बंद हो गई है किसानों की फसल तो खराब हो गई है लेकिन आगामी दिनों में गेहूं की फसल खराब होने की चिंता सता रही है मुन्ना लाल शुक्ला, सुशील दुबे, नरेश शुक्ला, जितेंद्र दुबे, महेंद्र दुबे, राजू ठाकुर, कृष्ण कुमार ठाकुर सुधीर दुबे, विपिन राठौर, शंभू ठाकुर, लखन यादव, मुन्ना लाल जैन, आशीष दुबे, विपिन शुक्ला पानी निकासी बनाए जाने की मांग की है।

2 वर्षों से लगातार परेशान हो रहे हैं किसान जिसमें ना धान की फसल भी नही मिल रही है पानी ज्यादा होने से धान की फसल सड़ जाती है पानी निकासी ना होने के कारण इस बर्ष भी गेहूं की बोनी भी नही कर पाये खेत खाली पड़े रहे लगातार शासन और प्रशासन से मांग की जा रही है नाली निर्माण कार्य करा कर पानी की निकासी बनाई जावे। शासन एवं प्रशासन से नाली निर्माण करायें जा ने की मांग की है। विपिन राठौर द्वारा 181 पर शिकायत की गई है पानी निकासी बनाए जाने के संबंध में ले किन आज तक पानी निकासी को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई।



## महाराजपुर सुभाष नगर में चल रहे सहस्त्र चंडी महायज्ञ में दी जा रही आहूति से पवित्र हो रहा है, समस्त क्षेत्र

**पनागर, यशभारत।** ब्रम्हचारी डॉ. इंदुभवानंद जी के द्वारा कथा में बताया गया की महाराजपुर सुभाष नगर और समस्त छेत्र वासियों को सहस्त्र चंडी महायज्ञ का लाभ मिल रहा है, यज्ञ और श्रीमद् देवी भागवत कथा के आयोजन से निश्चित ही समाज का कल्याण होता है, आगे कथा में बताया की सभी को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए, जिससे बच्चे बड़े होकर अपने माता पिता और गुरु और अपने समाज और धर्म का आदर करें। जैसे भगवान राम ने अपनी माता के एक आदेश से समस्त राज्य पाठ छोड़कर चौदह वर्ष के वनवास को अपनाया, और राक्षसों का वध करके धर्म की रक्षा की।

कथा प्रारंभ से पहले आयोजन समिति के सम्मति सैनी, भारत सिंह यादव, नित्यनिरंजन खंपरिया, मुकेश सोनी, मनीष पटेल, विवेक पटेल, विनोद श्रीवास्तव, बालकृष्ण पटेल, विमल जैन, विशन सिंह ठाकुर, सुरेंद्र गिरी, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मी शुक्ला, अमरीस दुबे, संतकुमार पटेल, सूर्यकांत तिवारी, अमित मिश्रा, संजय गुप्ता, राजेंद सिंह राजपूत, धीरज दुबे, अधिवक्ता विनोद मिश्रा, सुरेन्द्र यादव टिम्मी शर्मा, रामू, श्यामू, सतीश उपाध्यय, राकेश मेहता, राजकुमार ममता जायसवाल, भूपेंद्र दुबे, सतेंद्र पटेल, सुरेन्द्र गिरी, आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया। आयोजन समिति ने समस्त छेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## सीमांकन के संबंध में पटवारियों ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

### संपूर्ण सीमांकन कार्य बंद करने की दी चेतावनी

**सिहोरा, यशभारत।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ सिहोरा के तहसील अध्यक्ष अमित कुरारिया के नेतृत्व में पटवारियों की समस्याओं एंव मांगों के संबंध में गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सृष्टि प्रजापति को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे कहा गया है कि सिहोरा तहसील में पटवारियों की कमी के कारण एवं कार्य की अधिक एंव समय की कमी के कारण समय सीमा में सीमांकन कार्य पूर्ण नहीं हो पाते हैं। पटवारियों का कहना है कि हम लोगों के पास शासन के विभिन्न योजनाओं से संबंधित अनेक काम है जिन्हें समय सीमा में पूर्ण किये जाने का दबाव लगातार बना रहता है मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता में पटवारी को भी आर-आई के साथ-साथ सीमांकन के अधिकार दिए गए हैं आर-आई को सीमांकन से मुक्त नहीं किया गया है। अतः पटवारी संघ ने मांग की है कि पटवारियों के साथ-साथ आर आई को भी प्रत्येक हल्के के आधे सीमांकन करने के लिए आदेशित किया जाए ताकि हम लोग अन्य कार्य भी समय सीमा में कर सकें ऐसा न होने की स्थिति में हम संपूर्ण सीमांकन कार्य बंद कर देंगे।ज्ञापन सौंपते समय पटवारी संघ के प्रीति साहू,गौरीशंकर सोनी,समर पटेल,शुभम निरंजन,लक्ष्मन पटेल,राहुल तिवारी,सुरेन्द्र अहिरवार,नीरज कुररिया,रवि पटेल,पुष्पलता पटेल, विक्रम सेंगर,हिना बानों,जयकरन पटेल,आशीष गुप्ता,ओमप्रकाश तिवारी, देवीदीन पटेल,अभिलाषा पाठक, सुखचैन पटेल,संजय यादव,स्वाति अग्रहरि,रवि नामदेव के.के. दाहिया,आनंद चौकसे उपस्थित रहे।




## शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने बूथ में जाकर किया (केएपी) बेसलाइन सर्वे



**गोटेगांव, यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य मुख्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश व कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती ऋजु बाफना के निर्देशानुसार ,गोटेगांव एसडीएम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्राचार्य बी.डी कोष्टी व डॉ राजेन्द्र सिंह राजपूत के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी प्रो सकरलाल बट्टी के नेतृत्व में 2018-2019 में मतदान प्रतिशत कम वाले 20 बूथ पर महाविद्यालय एनएसएस इकाई के छात्र बेसलाइन सर्वेक्षण कार्य कर रहे है, नोडल अधिकारी प्रो एस एल बट्टी ने बताया कि छात्रों के ग्रुप बनाये गये है, प्रत्येक ग्रुप में एनएसएस छात्र -छात्राएं है। बेसलाइन सर्वे प्रथम दिवस सर्वेक्षण कार्य बूथ क्रमांक 29, 35,99,109,117,127 के सर्वे किया गया। बेसलाइन सर्वे कार्य में मुख्य रूप से एंबेसडर राजेश कुमार चौधरी, छात्रा कैंपस एंबेसडर साक्षी रजक, ओमप्रकाश रजक, रागिनी सेन, आशीष ठाकुर, कीर्ति चौधरी, निलेश कुमार चौधरी, मुस्कान लोधी, विवेक कुमार मेहरा, रागिनी विश्वकर्मा, प्रह्लाद चौधरी, सीत गोस्वामी,आंशु कतिया, सोनिया मेहरा, दिनेश कुमार, प्रीती सेन,संगम पटेल,आदि रहें है।

## शिक्षा का मुख्य उद्देश जॉब नहीं अपितु सर्वांगीर्ण विकास होना चाहिये

**शहपुरा भिटौनी, यशभारत। जीवन की कीमत इतनी कम नहीं है कि हम अपना पूरा जीवन एक कंपनी में लेपटॉप के सामने बैठकर गुजार दें। आजकल केवल यही माहौल चल रहा है बच्चों को पैकेज के चक्कर में केवल सारा समय एक चैयर पर बैठे बैठे गुजारना पड़ रहा है। न वे अपने बारे में सोचते हैं न समाज के बारे में वे न तो परोपकार के वारे में विचार करते है और न ही परमार्थ के वारे में। बस एकमात्र लक्ष- बना कर पढ़ते है कि जॉब करना है जॉब करना है।**



**त्रि दिवसीय युवा बोध शिविर आज से**

आजकल आर्टस की लाईन में कोई जाना नहीं चाहता इसलिए किसी भी तरह की कलाएं उनमें दिखती नहीं है। शास्त्रों में पुरुषों की तथा महिलाओं की 64 कलाएं बताई हैं। बालक अपनी क्षमता के अनुसार अध्ययन नहीं करते किंतु दूसरो की देखा सीखी करके पढ़ते हैं और अपनी योग्यतओ को विकसित नहीं कर पाते। सबसे पहली कला लेखन कला है. यह कला जिसके अंदर होती है उसकी हैंड राइटिंग को देखकर यह जाना जा सकता है कि वह किस सोच का है। जो बहुत छोटे अक्षर घने धने लिखता है उसकी मानसिकता , संकीर्ण होती है। और जो इरडा आदि शब्दों को लिखता है वह दूरगामी सोच का होता है सुंदर राईटिंग लिटके वाले की सोच भी सुंदर होती है। जो बहुत जमाकर धीमे धीमें लिखता %है वह गहरी सोच% का होता है। जो हलके हलके हाथ से ऊपर ऊपर लिखता है उसके काम भी हल्के ही होते हैं। यह कला इन कलाओं के ज्ञान से समाज देश और राष्ट का भला होता है आर्ट की के साथ से सोचने का मौका मिला है। दुराग्रह की वजह से हमारो बच्चों की योग्यता का फायदा विदेशी ले लेते है इसलिये गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के ऊपर प्रकाश डाला जाना चाहिये। उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए द्य। आज से मुनि श्री के सनिन्ध मैं त्रि दिवसिए युवा बोध शिविर का आयोजन प्रारंभ होगा जिसके अंतर्गत प्रातः 8.30 से विशेष संबोधन सभी के लिये , दोपहर 3 बजे से प्राकृत भाषा का अध्यन होगा। शाहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है।

# जय नरसिंह के जय घोषों से गूंजा नगर

**नरसिंहपुर यशभारत। नगर देव भगवान श्री नरसिंह का प्राकट्योत्सव 4 मई को नगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं को आना प्रारंभ हो गया था। प्रात: 9 बजे अभिषेक व भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हुए। दोपहर 1.30 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ और शाम 4.30 बजे से जाट युवा मोर्चा के तत्वावधान में नरसिंह मंदिर से दुपहिया वाहन रैली निकाली गई।**

## उत्साहपूर्वक मनाया गया भगवान श्री नरसिंह का प्रकटोत्सव

रैली में शामिल युवाजन लगातार भगवान नरसिंह के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शाम 6.50 बजे महाआरती में बड़ी में श्रद्धालुगण शामिल हुए। भगवान नरसिंह के प्राकट्योत्सव पर आतिशबाजी भी की गई। वहीं तलघर का प्रवेश द्वार खुला रहा और लोगों ने नरसिंह स्तंभ के दर्शन किए। कार्यक्रमों में धार्मिक-सामाजिक संगठनों की भागीदारी रही।

आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से ब्रम्ह मुहूर्त में नरसिंह प्रभात फेरी के द्वारा भगवान श्री नरसिंह का यशोगान करते हुए विशेष रूप से रामधुन निकाली गयी जानकारी अनुसार रामधुन महोबिया मोहल्ला से प्रारंभ होकर बूढ़े नरसिंह मंदिर पूजा अर्चना करने के साथ तलापार चौक, नरसिंह मंदिर, गुलाब चौराहा, बड़े पुल, गांधी चौक से होते हुए शहर के कई वार्डो में अलख जगाती रही। प्रभात फेरी के तत्पश्चात नरसिंह मंदिर के पुजारी पं. बद्दू महाराज के मार्गदर्शन में भगवान नरसिंह का महाभिषेक किया गया और दिन भर भजन-कीर्तन नरसिंह मंदिर में चलते रहे। दूसरी ओर जिले के ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर के तलघरा में स्थित नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए देर रात तक श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। नरसिंह जयंती पर मुख्य रूप से नरसिंह मंदिर से शाम के वक्त भगवान नरसिंह के चित्र के साथ विशाल वाहन रैली शोभायात्रा निकाली गयी।



शोभायात्रा नरसिह मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, सुभाष चौराहे से बाहरी रोड होते हुये मुशरान पार्क से मुख्य मार्ग कंदेली से नरसिह मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। जिसमें जाट युवा मोर्चा के सदस्य मोटर सायकिलों में सवार होकर जय नरसिंह के नारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाये गये थे। जिले के ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर के तलघरा में स्थित नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा खासकर शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक भारी संख्या में श्रृद्धालुओं की उपस्थिति यहां बनी रही। व्यवस्था बनाने में स्वयं सेवी कार्यकताओं व पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ज्ञात हो कि नरसिंह मंदिर एक खंब पर खड़ा हुआ जिसके गर्भगृह को वर्ष में एक बार को खोला जाता है। जिसके दर्शन हेतू भक्तो की काफी भीड़ रही। भगवान नरसिंह मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने आयोजित महाआरती में भाग लेकर जन्मोत्सव के कार्यक्रम में जमकर आतिशबाजी की और पूरा परिसर काफी देर तक जय नरसिंह के जयघोषों से गूंजता रहा। नरसिंह जयंति पर ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर की सजावट देखते ही बन रही थी। जाट युवा मोर्चा द्वारा मंदिर को आधुनिक तरीके से सजाया गया सुबह से लेकर शाम तक भक्तो की भीड़ अनवरत बनी रही।

## मुख्य मार्गो से हटाया गया अतिक्रमण

**नरसिंहपुर यशभारत।** शहरों में मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो इसके लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा सड़कों पर रखे गये विज्ञापन बोर्ड एवं अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। बीते दिवस करेली नगर पालिका अमले द्वारा मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा रखे गये विज्ञापन बोर्ड एवं अतिक्रमण को हटाया गया।



## प्रभारी मंत्री 8 को जिले के प्रवास पर

**नरसिंहपुर यभाप्र।** प्रदेश के वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार 8 मई को जिले के प्रवास पर रहेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री डॉ. शाह खंडवा से रात्रि 12.23 बजे प्रस्थान कर प्रातः 6.18 बजे नरसिंहपुर सर्किट हाऊस आयेंगे। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे श्रीधाम में विधायक जालम सिंह पटैल के निज निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

## मौसम की प्रतिकूलता शादी विवाह और ग्राहकी को कर रही प्रभावित

**नरसिंहपुर /तेंदूखेड़ा यभाप्र।** इन दिनों मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते जहां आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है वहीं आषाढ़ मास जैसी हो रही इस वारिश के कारण शादी विवाह समारोहों पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है। जैसे तैसे दुकानों पर अच्छी खासी ग्राहकी देखने मिल रही थी वह भी बरसात के कारण प्रभावित हो रही है। सुबह से ही बूंदा बांदी फिर दिन भर मौसम ढका रहने, शाम को तेज हवाओं के बीच जोरदार बारिश होने की स्थिति पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है। वहीं तेज हवाओं ने भी परेशानी में डाल दिया है। मौसम की इस बेरूखी के साथ साथ विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। चलने वाली तेज हवाओं के कारण फाल्ट बनना तार टूटकर गिरना तथा मेंटेनेंश को लेकर लंबे समय तक बिजली बंद रहने से बिजली से चलने वाले सभी प्रतिष्ठान प्रभावित हो जाते है।

## बूथ विजय संकल्प अभियान की जिला बैठक

**नरसिंहपुर यभाप्र।** भाजपा कार्यालय में महिला वित्त विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमति अमिता चपरा के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई उक्त बैठक में श्रीमति चपरा ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 4 मई 14 मई तक प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप जिले भर के सभी मंडलों के प्रत्येक बूथ पर बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया जाना है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक दो शक्तिकेन्द्रों को मिलाकर कार्यक्रम आयोजित कर केन्द्र व राज्य सरकार के हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी व भाजपा की रीति नीति का प्रचार प्रसार करना है। बूथ विजय संकल्प अभियान में बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति के लोगों के साथ अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाजपा की विचार धारा से जोड़ना है। उक्ताषय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक में बूथ विजय संकल्प अभियान के जिला प्रभारी ठा.राजीव सिंह जिला महामंत्री डॉ. हरगोविन्द पटेल, नंदकिशोर ठाकुर, नरसिंहपुर नपा अध्यक्ष नीरज महाराज, करेली नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, रमाकांत धाकड़, विनीत नेमा, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन जिला मंत्री रमाकांत चौबे, जिला कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट जिला सह कार्यालय मंत्री शिशिर चरण दुबे महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी.निशा सोनी विधानसभा संयोजक रमाकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष रजत चौहान, ब्रजेश पटेल, मनीष ठाकुर, शैलेन्द्र शर्मा, रंजीत सिंह पटेल पार्षद हेमंत मेहरा, खालिक कुरैषी सोशल मीडिया सहप्रभारी नरेश वैष्णव, युवा मोर्चा से जिला मंत्री प्रवीण जाट मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं गायत्री महायज्ञ शुरू

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र।** श्री पंच अग्नि अखाड़ा लाल बाबा आश्रम तेंदूखेड़ा में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है। नगर के मुख्य मार्गों से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जो यज्ञ स्थल पर पंहुचकर संपन्न हुई, आज पांच मई से प्राण प्रतिष्ठा समारोह गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा, जो सात मई को दोपहर 12 बजे से प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हो जाएगा। इसी बीच बाहर से आ रहे संत महात्माओं के मंगल प्रवचनों के माध्यम से अमृत ज्ञान रुपी बरसात होगी। सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिती की अपील की गई है।

# 9 रन पर टीम ऑलआउट, 4 गेंद में मैच खत्म इंटरनेशनल क्रिकेट में हुआ बड़ा कारनामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ तो आईपीएल चल रहा है, जहां हर मैच में नए नए कीर्तिमान बन रहे हैं, वहीं एक मैच ऐस भी हुआ है, जहां एक पूरी टीम नौ रन पर आउट हो गई और चार गेंद पर ही मैच खत्म भी हो गया। ये बात हम किसी घरेलू या मोहल्ले के मैच की बात नहीं कर रहे हैं। ये मैच इंटरनेशनल लेवल का था, लेकिन जब आप इस मैच का स्कोर बोर्ड देखेंगे और सुनेंगे तो आश्चर्य में पड़े बिना नहीं रह पाएंगे। इस मैच की खास बात ये भी रही कि एक भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को पार नहीं कर पाया और पूरा मैच करीब 12 ओवर तक चला। छह बल्लेबाज बिना खाता खेले शून्य पर आउट हो गए।

## थाईलैंड बनाम फिलिपींस महिला टीम के मैच में हुआ कारनामा

क्रिकेट में रोज कहीं न कहीं कोई न कोई मैच होता ही रहता है, और हर दिन नए कीर्तिमान बनते हैं। कहा जाता है कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं, लेकिन जब कोई शर्मनाक रिकॉर्ड बन जाए तो उसे कोई भी टीम या खिलाड़ी तोड़ना नहीं चाहता, ऐसा ही कीर्तिमान अब फिर से बना है। दरअसल एक मई को फिलीपींस महिला और थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला खेला गया। फिलिपींस की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन टीम केवल नौ ही रन बना सकी और आउट हो गई। ये नौ रन भी बनाने के लिए टीम को 11.1 ओव तक बल्लेबाजी करनी पड़ी। फिलिपींस की ओर से जॉन एंड्रियानोब और जोना एगुइद ने दो दो रन का योगदान दिया। इसके बाद जेनिफर अलम्ब्रोक और कैथरीन बगाओइसांस्ट ने भी दो दो रन बनाए। बाकी कोई भी बल्लेबाज अपना खात नहीं खोल पाया। एलेक्स स्मिथ, अप्रैल सक्लिन जोएल गैलापिनस्ट समेत सभी बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए। मैच में सबसे ज्यादा 17 गेंदों का सामना जोना एगुइद ने खेलीं। जब टीम ऑलआउट हुई तो टीम का स्कोर 11.1 ओवर में नौ रन था। यानी थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम जब रनों का पीछा करने के लिए उतरी तो उसके सामने जीत के लिए महज दस रनों का ही लक्ष्य था।

## कमाल का था थाईलैंड बनाम फिलिपींस महिला टीम का मैच

थाईलैंड की ओर से नन्नापत कोंचारोएंकाई ने दो गेंद पर तीन रन और नत्थाकन चंथम ने दो गेंद पर छह रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। नत्थाकन ने दोग गेंदों में एक चौका भी लगाया। इनका स्ट्राइक रेट 150 से भी ज्यादा का रहा। यानी टीम ने केवल चार ही गेंद पर दस रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। थाईलैंड के गेंदबाजों की बात की जाए तो थिपाचा पुथवोंग ने तीन रन देकर चार विकेट लिए, वहीं ओनिचा कामचोम्फु ने बिना कोई भी रन दिए हुए तीन प्लेयर्स को आउट किया। बाकी एक विकेट बूचाथम को भी मिला। बाकी फिलिपींस के दो खिलाड़ी रन बनाने के प्रयास में रन आउट भी हो गए। ये अपने आप में अद्भुत रिकॉर्ड है, जो सालों तक याद रखा जाएगा। देखना होगा कि ये रिकॉर्ड कभी टूट भी पाएगा या ऐसा ही बना रहेगा।



# विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी

## ध्रुव कपिला और अर्जुन की जोड़ी चार पायदान ऊपर आयी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप विजेता भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गयी है। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी की जीत के साथ ही इस चैंपियनशिप में भारत को 58 साल बाद स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले दिनेश खन्ना ने साल 1965 में इस चैंपियनशिप के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। सात्विक और चिराग ने विश्व बैडमिंटन (बीडब्ल्यूएफ) रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही पांचवा स्थान हासिल किया है। सात्विक और चिराग ने फाइनल में ओंग यू सिन और तियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी को 16-21, 21-17, 21-19 से पराजित किया था। वहीं ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की एक अन्य भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। ये जोड़ी 4 पायदान ऊपर आकर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा पुरुष एकल में एचएस प्रणय नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान के लाभ के साथ ही 22वें और 23वें स्थान पर बरकरार हैं। मिथुन मंजूनाथ पांच पायदान ऊपर आकर विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दूसरी ओर महिला एकल में स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु 12वें स्थान पर खिसक गई हैं सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी हैं जिससे उनकी रैंकिंग नीचे आयी है। जबकि तान्या हेमंत 55वें स्थान पर हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी हाल के दिनो में अच्छे प्रदर्शन के बल पर दो स्थान के लाभ के साथ ही 17वें स्थान पर आ गयी है।

## आईपीएल में रोहित सबसे अधिक बार गोल्डन डक होने वाले चौथे खिलाड़ी बने

**मोहाली (ईएमएस)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल के 46 वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ गोल्डन डक पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होकर पेवेलिन लौट गये। इसी के साथ ही रोहित के नाम एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जो कोई भी बल्लेबाज नहीं चाहेगा। रोहित पहली ही गेंद पर सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज भी बन गये हैं। रोहित से पहले दिनेश कार्तिक, सुनिल नारायण और मनदीप सिंह भी आईपीएल में 15 बार शून्य पर आउट हुए हैं। रोहित के शून्य पर आउट होते ही प्रशंसक भड़क गये। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रॉल किया गया। इस मुकाबलें में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुम्बई को जीत के लिए 215 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित अपना खाता खोल बिना ही पेवेलियन लौट गए। रोहित के नाम अब आईपीएल में सबसे ज्यादा 15 बार गोल्डन डक होने का एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जिसे वह याद नहीं रखना चाहेंगे। रोहित ऐसे एकमात्र बल्लेबाज नहीं है जो इस प्रकार गोल्डन डक हुए हैं।

## राहुल आईपीएल से बाहर हुए, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में भी खेलना संदिग्ध

**मुम्बई (ईएमएस)।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल चोटिल होने के कारण आईपीएल के इस 16 वें सत्र से बाहर हो गये हैं। राहुल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में क्षेत्ररक्षण के दौरान यह चोट लगी थी। अब उनका अगले माह 7 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिन (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले में भी खेलना संदिग्ध है। राहुल की दाहिनी जांघ में चोट लगी है और वह अगले माह तक शायद ही ठीक हो पाये। राहुल आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री पर रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी उन्हें यह चोट लगी। अब वह स्कैन और आगे के इलाज के लिए मुंबई जाएंगे। राहुल पिछले काफी समय से फार्म से बाहर हैं। आईपीएल में भी अब तक खेले मैच में वह रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में अब टीम से बाहर होने से उनकी भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस बार उनके लिए वापसी काफी कठिन होगी क्योंकि युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल के अलावा तेज गेंदबाज जयदेव उनाकदट भी आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके भी कंधे में चोट है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार राहुल का स्कैन मुंबई में बीसीसीआई द्वारा तय चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा। इसके साथ ही उनाकदट का भी इलाज होगा।



# रंग संसार

## पोन्नियिन सेल्वन 2 के रिव्यू पर अभिषेक ने की ऐश्वर्या के काम की तारीफ



**मुंबई(ईएमएस)।** अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के काम की तारीफ की है। गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन ट्विटर पर एक्टिव रहते हैं। इस पर अगर कोई उन्हें या उनके परिवार के बारे में कुछ अच्छा-बुरा कहता है तो वो फौरन जवाब देते हैं। हाल में उन्होंने पोन्नियिन सेल्वन 2 का रिव्यू शेयर किया। मणिरत्नम की डायरेक्टेड फिल्म में उनकी पत्नी और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय मुख्य भूमिका में हैं। जहां अभिषेक ने फिल्म में ऐश्वर्या के काम की तारीफ की। वहीं एक शख्स ने उनसे कहा कि वो बेटी का ख्याल खुद रखें और पत्नी को ज्यादा फिल्में साइन करने दें। इस पर एक्टर ने रिएक्ट किया है। पोन्नियिन सेल्वन 2 पर अपने विचार साझा करते हुए अभिषेक बच्चन ने लिखा, पीएस 2 शानदार फिल्म है। अपनी फीलिंग्स बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पूरी टीम ने बढ़िया काम किया है। मुझे अपनी पत्नी पर फक्र है क्योंकि शायद अभी तक का उनका ये सबसे बेहतरीन काम है। इसी ट्वीट पर एक यूजर ने कमेंट किया। लिखा, आपको गर्व होना भी चाहिए। अब आप उन्हें ज्यादा मूवीज साइन करने दीजिए और आप खुद बेटी आराध्या का ख्याल रखिए। इस पर अभिषेक बच्चन ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें साइन करने दूं सर, उनको मेरी किसी भी चीज में इजाजत की जरूरत नहीं है। खासकर उसमें जो उन्हें करने में अच्छा लगता है। अभिषेक के इस जवाब के बाद लोगों ने उनकी तारीफ करनी शुरू कर दी। लोगों ने कहा कि उन्होंने बढ़िया जवाब दिया है। एक ने कहा- पति हो तो ऐसा। एक ने कहा- बहुत सही कहा सर। हम आप दोनों को साथ में स्क्रीन पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक ने लिखा- सुनकर अच्छा लगा।

## प्यार में बदकिस्मत रहे हैं हम : सलमान खान



**मुंबई (ईएमएस)।** वह प्यार में बदकिस्मत रहे हैं, शायद उनकी अपनी गलतियों की वजह से। यह कहना है बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का। एक मशहूर शो में जब सलमान खान से पूछा गया कि क्या वह प्रेम संबंधों पर आत्मकथा लिखने का इरादा रखते हैं। इस पर सलमान ने जवाब देते हुए कहा कि मेरी लव स्टोरियां मेरे साथ कब्र तक जाएंगी। जब सलमान से शादी करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब में कहा, जब ऐसा कोई आएगा तो हो जाएगा सर। वास्तव में, सभी अच्छे हैं, मेरी पिछली सभी गर्ल फ्रेंड अच्छी थीं, गलती मुझमें है। पहले वाला गया तो उसका दोष हो सकता था, दूसरा गया और तीसरा गया तो उनमें दोष हो सकता है, लेकिन चौथे के साथ संदेह पैदा होता है कि दोष उनका है या मेरा। पांचवें मामले में यह 60 – 40 हो सकता था। लेकिन जब ज्यादा हो गया, तब पक्का हो गया कि गलती मेरी ही थी। उनमें से किसी की कोई गलती नहीं थी। यह केवल मेरी गलती है। शायद उनके मन में एक तरह का डर था कि कहीं मैं उन्हें जिंदगी में खुशी न दे सकूं। मुझे यकीन है कि वे जहां भी हैं खुश हैं। होस्ट रजत शर्मा ने फिर पूछा, पूरी दुनिया जानना चाहती है कि तुम कब शादी करोगी। इस पर सलमान ने जवाब देते हुए कहा कि सर, जब खुदा की मर्जी होगी। शादी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। पहले मामले में शादी नहीं हुई। जब मैंने हां कहा, तो किसी ने ना कह दिया। जब किसी ने हां कहा, तो मैंने ना कहा। अब दोनों तरह से न है। जब दोनों पक्ष हां कहेंगे, तो शादी हो जाएगी। अभी भी समय है। मैं 57 साल का हूं। मैं चाहता हूं कि यह समय पहला और आखिरी हो। मतलब एक बीवी होनी चाहिए। फिर होस्ट ने पूछा कितने बच्चे चाहिए? इस पर सलमान ने जवाब दिया, जितना संभव हो उतना।

## राजू के रूप में अरविंद स्वामी कस्टडी की कुंजी हैं: नागा चैतन्य

**हैदराबाद, एजेंसी।** अरविंद स्वामी ने नागा चैतन्य की आगामी रिलीज, कस्टडी में एक प्रमुख भूमिका निभाई। यह फिल्म 12 मई को तेलुगु और तमिल के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। नागा चैतन्य की यह पहली द्विभाषी फिल्म है। नागा चैतन्य ने कस्टडी में एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई। वेंकट प्रभु फिल्म के निर्देशक हैं। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर होने वाली है। चूंकि कस्टडी एक द्विभाषी फिल्म है, वेंकट प्रभु ने अरविंद स्वामी को फिल्म में नागा चैतन्य के विपरीत बल के रूप में चुना।



अरविंद स्वामी के किरदार का नाम राजू है और वह फिल्म में एक स्थानीय गैंगस्टर के रूप में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल के प्री-रिलीज़ इवेंट में कहा कि अरविंद स्वामी की उपस्थिति और प्रदर्शन कस्टडी की सफलता की कुंजी होगी। हम सभी जानते हैं कि अरविंद स्वामी ने पहले राम चरण की ध्रुव में अपने शानदार प्रदर्शन से तेलुगु दर्शकों को चौंका दिया था। कई सालों के बाद अभिनेता एक बार फिर कस्टडी में पर्दे पर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। कस्टडी में सरथकुमार भी एक अन्य महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। मुख्य अभिनेत्री कृति शेट्टी हैं। इलैयाराजा और युवान शंकर राजा ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया। कस्टडी का निर्माण श्रीनिवास चित्तूरी ने श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन के बैनर तले किया है। फिल्म का ऑफिशियल ट्रेलर कल 5 मई को रिलीज किया जाएगा।



## 2024 में वही होगा जो 2019 में हुआ था:कंगना रनौत

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कल गंगा आरती और देवी - देवताओं का आशीर्वाद लेने हरिद्वार पहुंची। इस दौरान उन्होंने आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कंगना ने कहा- चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है, लेकिन 2024 में वही होगा जो 2019 में हुआ था। बता दें कि, कंगना के निर्देशन में बनी इमरजेंसी जल्दी ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, विशाक नायर और श्रेयस तलपड़े प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मालूम हो कि पंगा क्वीन कंगना रनौत की राजनीति में दिलचस्पी को देखते हुए लंबे समय से कयास लगाए जा रहे है कि वे बालीवुड की तरह राजनीति में सफलता के झंडे गाढ सकती है।

## अर्जुन रामपाल बिना शादी के करेंगे दूसरे बच्चे का स्वागत



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल बिना शादी के दूसरे बच्चे का स्वागत करने को तैयार है। एक्टर की गर्लफ्रेंड ने यह खुशखबरी दी है।अर्जुन राजपाल की गर्लफ्रेंड और साउथ अफ्रीकन मॉडल गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपने नए पोस्ट से बताया है कि वह जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने बेबी की कुछ खास तस्वीरों को भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रियलिटी या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस?' मैटरनिटी फोटोशूट से गैब्रिएला को देख फैंस उन्हें और अर्जुन को कमेंट सेक्शन में कमेंट कर उन्हें बधाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2019 अर्जुन रामपाल और ग्रैब्रिएला ने बेटे अरिक रामपाल का स्वागत किया था। ग्रैब्रिएला जहां अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगी। वहीं अर्जुन चौथी बार पिता बनने जा रहे हैं। बता दें कि अर्जुन ने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। इस शादी से दो बेटियां महिका और मायरा हैं। महिका का जन्म 2002 में जबकि मायरा का जन्म 2005 में हुआ था। हालांकि अफसोस अर्जुन-मेहर ने साल 2019 का तलाक हो गया। शादी के 21 साल बाद दोनों एक दूसरे से हमेशा के लिए अलग हो गए। मेहर अलग रहने के बाद अर्जुन अपनी गर्लफ्रेंड और बेटे के साथ अगल रहने लगे थे। दोनों करीब 7 साल रिलेशनशिप में हैं। मालूम हो कि अर्जुन रामपाल भले ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ की वजह से खबरों में कम रहते हो, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ हमेशा से ही सुर्खियों में रही है। इस बार भी वह अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खबरों में हैं।



# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मचाया था उत्पात





## सीसीटीवी फुटेज से चिह्नित कर की जा रही है धरपकड़

# कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले 10 बजरंगी हिरासत में

**जबलपुर,यशभारत। कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ पर पोस्टर फाड़ने वाले बजरंग दल के 10 कार्यकर्ताओं को लार्डगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार चल रहे शेष कार्यकर्ताओं को पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिह्नित करते हुए गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। पकड़े गए कार्यकर्ताओं में सत्यम रैकवार, सुमित सिंह ठाकुर, राहुल बघेले सहित अन्य शामिल हैं।**



एएसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के सहारे तोड़फोड़ करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है और फिर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। अभी तक पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले करीब 25 युवकों के खिलाफ अपराध कायम किया था। विदित हो कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेसी के एजेंडे में बजरंग दल को बैन करने की बात से बिफरे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बल्देवबाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ कर दी थी। जिसके बाद कांग्रेसियों ने कोतवाली पुलिस थाना और लार्डगंज पुलिस थाना के साथ जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया था।

### कांग्रेस एक साथ आज जलाएगी भाजपा का 13 ब्लॉकों में पुतला

जबलपुर,यशभारत। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 5 मई शुक्रवार को शाम 4 बजे एक साथ कांग्रेस के 13 ब्लॉकों में भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया जाएगा। उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष जतिन राज की उपस्थिति में दीनदयाल चौक पर शाम 4.00 बजे पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित है। मतलब कांग्रेस अब भाजपा का पुरजोर विरोध करने मैदान पर उतर चुकी है। उक्त जानकारी महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने दी है।

### प्रजातंत्र का गला घोंटने का प्रयासः महापौर

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ और कांग्रेसिया के साथ की गई मारपीट की तीखी निंदा की है। महापौर ने कहा है कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फेसबुक में कांग्रेस पार्टी को लेकर अश्लील टिप्पणी की है जो कि उनके चरित्र को दर्शा रही है। पुलिस द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो 7 दिनों के अंदर जबलपुर बंद रखकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में जिस तरीके तोड़फोड़ की वह प्रजातंत्र का गला घोंटने का प्रयास है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेसियों पर भड़के

तोड़फोड़ की घटना के बाद कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर के मौके पर न होने पर भड़कते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में कहते वे नजर आ रहे हैं कि अन्नू को फोन लगाओ, यदि अन्नू की हिम्मत हो रही है तो वह घटना स्थल पर आएं नही तो परेशान नहीं हो। इसके बाद पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव वीडियो में कांग्रेस नेताओं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर भड़कते दिख रहे हैं। कांग्रेसियों को दिनेश यादव ने कहा है कि सभी चूड़ियां पहन लो। अगर भाजपा को कुछ सबक सिखा नहीं सकते हो तो।

# सूने घर का ताला तोड़कर चोरी



**जबलपुर,यशभारत।** कोतवाली थानांतर्गत सरस्वती कॉलोनी स्थित केके रायकवार के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम करते हुए प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरे के फुटेज खंगालकर पतासाजी कर रही है।

# चोपड़ा चैंबर्स में जमे अतिक्रमण को ढहाने की कार्यवाही शुरू

## कटंगा क्रॉसिंग तिराहे के पास नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता पहुंचा

यशभारत की खबर का असर

**जबलपुर,यशभारत।** कटंगा क्रॉसिंग तिराहे के पास स्थित चोपड़ा चैंबर्स पर अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही करने शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निगम अधिकारियों के साथ पहुंच गया। सुबह चोपड़ा चैंबर्स में जमे अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि राजा चोपड़ा, हरभजन सिंह चोपड़ा के द्वारा चोपड़ा चैंबर्स के आसपास पार्किंग में अवैध कब्जा करते हुए दुकानें खोल लीं गईं थीं और अन्य सार्वजनिक जगहों पर यहां पर अतिक्रमण जमाकर रखा गया था जिसके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### गोरखपुर व्यापारी संघ की शिकायतों का असर

पिछले माह यशभारत ने कटंगा क्रॉसिंग तिराहे में स्थित चौपड़ा चैंबर्स में जमे अवैध अतिक्रमण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसमें गोरखपुर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की शिकायतों का ब्यौरा शामिल रहा। इसको लेकर पूर्व में कई बार गोरखपुर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और नगर निगम प्रशासन को शिकायत करते हुए अवैध अतिक्रमण को कब्जामुक्त करने की मांग की थी।

बेचना है
बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढाबा, होटल, बियर हाउस, पेंट्रोलपंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।
संपर्क : 9399852725

# मायके पहुंचकर हंगामे के बाद पत्नी-बेटे को दी जान से मारने की धमकी

**जबलपुर,यशभारत।** सिहोरा पुलिस ने ग्राम दर्शनी सिहोरा निवासी मनोरंजन शर्मा नामक महिला की शिकायत पर उसके पति संजीव शर्मा और देवर संतोष, संतीश शर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और अब पुलिस तीनों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

इस संबंध में ग्राम दर्शनी सिहोरा निवासी पीड़िता मनोरंजन शर्मा ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2002 में नागपुर निवासी संजीव शर्मा के साथ हुई थी। जिसके बाद से ही वह अपने भाईयों के साथ मिलकर घर की छोटी-छोटी बातों पर उसे प्रताड़ित करने लगा। शराब पीकर आए दिन विवाद करने से त्रस्त होकर पीड़िता अपने 19 वर्ष के बेटे यश को लेकर मायके में रहने लगी। इसी दौरान 3 मई की रात को पति संजीव शराब पीकर उसके घर आया और हंगामा करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई।

# बैंक के रिटायर्ड बुजुर्ग कर्मचारी की संदिग्ध मौत



**जबलपुर,यशभारत।** कोतवाली थानांतर्गत समदड़िया आदर्श क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे बैंक के सेवानिवृत्त बुजुर्ग कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है। मृतक के बेटे महेद्र सिंह राठौर ने बताया कि उसके पिता 64 वर्षीय कुशल सिंह राठौर बैंक से सेवानिवृत्त हैं जिन्हें बीपी, हार्ट और शुगर की बीमारी है। संभवतः उन्हें हार्टअटैक आया और उनकी मौत हो गई। सुबह उनके कमरे में गए तो देखा कि पिता की मौत हो चुकी है।

द कम्पलीट होम फर्निशिंग स्टोर
संध्या ट्रेडर्स
N.S. TEXTILES
कपूरी विला-बड़ा फुहारा, जबलपुर
Ph. 0761-4072001, Mo 9826503008, 9584513844

गनेश केटरर्स एण्ड कॉन्ट्रेक्टर
श्री गनेश मंडपम्
कछपुरा माल गोदाम, गढ़ा
ए.सी. रूम, ए.सी. हॉल, मैदान, पार्किंग
सर्वसुविधायुक्त
कैटरिंग सुविधा आपके अपने बजट के अनुरूप
श्री कच्छ पाटीदार भवन
महानददा, मदन महल
शादी-पार्टी एवं मांगलिक कार्यो हेतु
मो. 9827202090, 7000244328

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00
दोपहर पाली 12.20 से 5.10
संपर्क 9009505955, 0761-4016415

अमर शहीद स्मृति मेला
आधुनिक झूले
खान-पान चौपाटी
आर्ट और क्राफ्ट स्टॉल
प्रवेश द्वार-रानीताल चौक के सामने वाले गेट से
गोलबाजार मैदान, जबलपुर
प्रतिदिन सायं 5.30 से रात्रि 10.30 तक

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पता: विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638

Trusted
G.S.ELECTRONIC
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध है।
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन
ड्राई फ्रूट

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPPSITE SAMDARIYA INN HOTAL, JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SHALBY MULTI-SPECIALITY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
जबलपुर में मिलने का पता
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक
गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर
+91-9301970385, 8225988303
शैल्बी हॉस्पिटल
93019 70385
न्यूनतम चीरा
फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं

तांडव
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
तांडव तेल
TANDAV HERBAL PHARMACY
Customer Care : +91 7974979179

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)